'राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र'

# समाचार गेट

वर्ष 01, अंक 41 पृष्ठ 08 मूल्य 03 रूपए शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 TITLE CODE : HARHIN11569

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से की मुलाकात

**मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर किया पूर्व राष्ट्रपति का सम्मान**

**नायब सैनी ने पूर्व राष्ट्रपति को भगवान श्रीराम की तस्वीर भी भेंट की**

**पूर्व राष्ट्रपति कोविंद का आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ : नायब सैनी**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति एवं वन नेशन-वन इलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद से मुलाकात की।

पंजाब राजभवन चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद का शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने श्री कोविंद को भगवान श्रीराम की तस्वीर भी भेंट की। खुशनुमा माहौल में लगभग 20 मिनट भी से अधिक समय तक पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद और मुख्यमंत्री नायब सैनी के बीच कई विषयों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद सीएम नायब सैनी ने कहा कि आज पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद से मिलकर उनका आशीर्वाद और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। श्री सैनी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि श्री कोविंद से मिलकर उनके समृद्ध प्रेरणादायी अनुभवों को आत्मसात करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

## शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था, बिजली, पानी व कल्याणकारी योजनाएं कभी नहीं रही बीजेपी की प्राथमिकता : हुड्डा

**स्कूलों में 26,000 से ज्यादा टीचर्स तो कॉलेज में 4738 सहायक प्रोफेसर्स के पद खाली पड़े- हुड्डा**

**एक साल के भीतर 4,64,000 विद्यार्थियों ने छोड़े सरकारी स्कूल- हुड्डा**

**कॉलेजों में यूजी की 1 लाख तो पीजी की 19,000 सीटें खाली- हुड्डा**

**शिक्षा की बजाए युवाओं को नशे, अपराध और पलायन के रास्ते पर धकेल रही सरकार- हुड्डा**

**शिक्षा के मंदिरों पर ताला लगाने की मंशा रखने वाली बीजेपी को जनता सत्ता से करेगी बेदखल- हुड्डा**



समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था, बिजली, पानी व कल्याणकारी योजनाएं कभी बीजेपी की प्राथमिकताएं नहीं रहे। प्रदेश में शिक्षण संस्थाओं की हालत पर आई ताजा रिपोर्ट ने बीजेपी के शिक्षा विरोधी चेहरे को बेनकाब कर दिया है। रिपोर्ट में पता चलता है कि प्रदेश के स्कूलों में 26000 से ज्यादा टीचर्स तो कॉलेज में 4738 सहायक प्रोफेसर्स के पद खाली पड़े हुए हैं। कोई नया स्कूल व कॉलेज स्थापित करना तो दूर, ये सरकार पहले से स्थापित संस्थानों में अध्यापक व अन्य स्टाफ तक मुहैया नहीं करवा पाई। प्रदेश के स्कूलों में 8240 क्लासरूम की कमी है। हाई कोर्ट द्वारा फटकार लगाई जाने के बावजूद सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाए।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि सरकारी स्कूलों में ड्रॉप आउट विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। सिर्फ एक साल के भीतर 4,64,000 विद्यार्थियों ने सरकारी स्कूल छोड़ दिए। कॉलेजों में भी करीब 1 लाख यूजी तो 19,000 पीजी की सीटें खाली पड़ी हुई हैं। यह आंकड़े चीख-चीख कर गवाही दे रहे हैं कि सरकार युवाओं को शिक्षा की बजाए नशे, अपराध और पलायन के रास्ते पर धकेल रही है। मौजूदा सरकार की शिक्षा नीति युवाओं में सुरक्षित भविष्य की उम्मीद नहीं जगा पा रही।

ये सरकार अपने कार्यकाल में लगभग 5000 स्कूलों को मर्जर के नाम पर बंद कर चुकी है। ऐसा लगता है कि अब बारी कॉलेज और विश्वविद्यालयों की है। पूर्व मुख्यमंत्री सरेआम मंच से एलान करते हैं कि स्कूलों को बंद करके वहां कोई और काम शुरू किया जाएगा। लेकिन इस सरकार को हम बता दें कि ये स्कूल व कॉलेज बीजेपी की बपौती नहीं है। वर्षों की मेहनत, लोगों की गाढ़ी कमाई के टैक्स, गांवों के दान व तमाम सरकारों के प्रयासों से ये शिक्षण संस्थान स्थापित हुए हैं।

इन स्कूलों ने हरियाणा के भविष्य को दिशा देने वाले विद्यार्थी पैदा किए हैं। जनता शिक्षा के मंदिरों पर ताले लगाने की मंशा रखने वाली मानसिकता को बर्दाश्त नहीं करेगी। बीजेपी को इसबार वोट की ताकत से सबक सिखाया जाएगा। जनता इसबार चुनाव में बीजेपी को सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी।

## नायब सैनी और मनोहर लाल 6 मई को भरेंगे करनाल में नामांकन, 29 अप्रैल को पहला नोमिनेशन गुरुग्राम में

**लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जीतने के लिए बीजेपी का चार घंटे मंथन**

**सीएम नायब सैनी, पूर्व सीएम मनोहर लाल, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा की उपस्थिति में आगामी कार्यक्रमों का रोडमैप तैयार**

**31 विजय संकल्प रैलियां पूरी, 59 रैलियों की तिथियां तय**




समाचार गेट ब्यूरो

**चंडीगढ़/गुरुग्राम, 25 अप्रैल।** लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर बीजेपी फुल कॉनफिडेंस में है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव को बड़े मार्जिन से जितने के रोडमैप पर बुधवार देर रात गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में भाजपा के आला नेताओं की चार घंटे तक बैठक चली, जिसमें आगामी कार्यक्रमों पर गहन मंथन किया और अब तक हुए कार्यों का फीडबैक लिया गया। लोकसभा प्रभारियों और संयोजकों के साथ हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रदेश संयोजक सुभाष बराला, संगठन महामंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में हर एक विषय पर विस्तार से चर्चा हुई। चार घंटे तक चले मंथन के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों का रोडमैप तैयार किया गया है, 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां शीघ्र ही पूरी कर ली जाएंगी। वहीं पूर्व सीएम मनोहर लाल ने दावा करते हुए कहा हरियाणा में इस बार 4 जून को 11 कमल खिलने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि अभी तक 31 विजय संकल्प रैलियां हो चुकी है और बाकी बची 59 रैलियों को शीघ्र ही कर लिया जाएगा। इनकी तिथियां तय कर ली गई है। इसके अलावा अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि नोमिनेशन कार्यक्रम भी शुरू होने वाले हैं उनके बारे में भी बैठक में चर्चा हुई है।

बैठक में लिए गए निर्णयों के बारे में बताते हुए नायब सैनी ने कहा कि शक्ति केंद्र प्रवास, विधानसभा स्तर और इससे ऊपर के कार्यक्रमों की रचना व योजनाओं पर चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशियों द्वारा किए जाने वाले नोमिनेशन की तिथियां भी तय कर ली गई है। श्री सैनी ने कहा कि 29 अप्रैल को पहला नोमिनेशन गुरुग्राम में होगा तथा 6 मई को करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और वह स्वयं करनाल विधानसभा के लिए नोमिनेशन करेंगे। श्री सैनी ने कहा कि कार्यकर्ताओं और जनता में लोकसभा चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि हम 90 की 90 विधानसभाओं में रैलियां पूरी करेंगे और 10 की लोकसभाओं में जनता के आशीर्वाद से कमल खिलेंगे।

**मनोहर लाल का विपक्ष पर तंज, बोले-विपक्ष का खिलाड़ी मैदान में नहीं**

बैठक के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विपक्ष पर तंज कसा और चुटकी लेते हुए कहा कि हमें ताज्जुब हो रहा है कि सारा का सारा खेल वन साइड चल रहा है। हमारे सामने कोई खिलाड़ी है नहीं ही। पूर्व सीएम ने कहा कि अभ्यास भी अच्छा हो रहा है और वर्जिस भी अच्छी हो रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि कहा कि इस कुश्ती का मजा तब आएगा, जब विपक्ष का प्रत्याशी घोषित हो जाएगा। पूर्व सीएम ने कहा कि हरियाणा की धरती पर 11 कमल जनता 4 जून को खिलाने वाली है। हरियाणा में भाजपा की चल रही विजय संकल्प रैलियों के बारे में पूर्व सीएम ने बताया कि 10 मई तक सभी रैलियां पूरी कर ली जाएंगी।

## जनता के आशीर्वाद से समस्याओं का निवारण करवाया: पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना

**विपक्षी नेताओं पर जमकर साधा निशाना**







समाचार गेट ब्यूरो

**फरीदाबाद।** एनआईटी विधानसभा 86 के पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने हर घर जनसंपर्क अभियान के तहत 252वें दिन राजीव कॉलोनी, गुर्जर चौक वाली गली एंव महिपाल खारी प्रधान जी के घर जाकर स्थानीय लोगों से मुलाकात की एंव उनकी समस्याओं को सुना। जानकारी के लिए बता दें कि पूर्व विधायक नगेंद्र भड़ाना ने एनआईटी विधानसभा के लगभग सभी क्षेत्रों में हर घर जनसंपर्क अभियान के तहत स्थानीय निवासियों की समस्याओं को सुना एंव उनका निवारण भी करवाया है।

लोगों ने उन्हें जमीन से जुड़ा नेता बताया एंव उनकी कार्यशैली की प्रशंसा भी की।

इस अवसर पर नगेंद्र भड़ाना ने बताया कि जनता की परेशानियों को देखते हुए डबुआ-पाली रोड पर 24 करोड की लागत से सीवर की बड़ी लाईनें, पानी की लाईनें, सीमेंट की सडकें बनवाई हैं, इसके अलावा स्ट्रीट लाइटें लगवाई हैं। डबुआ-गाजीपुर रोड का निर्माण कार्य करवाया है। बाबा दीपसिंह चौक के सौंदर्य करण का कार्य करवाया। सारन चौक के समीप शांतिनाथ नाम से चौक का निर्माण करवाया, जिससे एसआईटी विधानसभा में बेहतर तरीके से लोग एंट्री हो सके। सारन गांव की जूता मार्केट एंव तालाब रोड को सीमेंटेड बनवाने का कार्य किया, इसी तरह पूरे एनआईटी विधानसभा में दर्जनों कम्यूनिटी सेंटर बनवाए हैं। नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि हमारे द्वारा चलाए गए हर घर जनसंपर्क अभियान से विपक्षी नेताओं की नींद उड गई है जिससे उनकी बौखलाहट जनता को साफ दिखाई दे रही है।



# कांग्रेस की सोच गरीबों को गरीब बनाए रखकर उन पर शासन करने की : नायब सैनी

**नरेंद्र मोदी के प्रयासों से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले**

**कांग्रेस देश की जनता की संपतति एक वर्ग विशेष को देना चाहती है**

**ओबीसी में एक वर्ग विशेष को शामिल करना संविधान का अपमान**



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना/महेंद्रगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस की सोच गरीब को गरीब व कमजोर को कमजोर बनाए रखने वाली है। इस नीति से ही कांग्रेस शासन करती रही है, लेकिन भाजपा की सरकार आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबों को राहत देने का काम किया है और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठाने का काम किया है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से देश में 25 करोड लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। कांग्रेस ने 1970 में गरीबी हटाओ का नारा दिया। उसके बाद 35 साल तक कांग्रेस ने देश पर राज किया, लेकिन गरीबों की कभी चिंता नहीं की। आज प्रधानमंत्री ने गरीबों को आयुष्मान कार्ड देकर उन्हें इलाज की चिंता से मुक्त किया है। 80 करोड़ लोगों को 5 साल तक मुफ्त राशन का वायदा किया है। हर घर में नल से जल देने का काम किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ मकान बनाकर गरीबों को देने का काम किया है।

मुख्यमंत्री एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी गुरुवार को भिवानी- महेंद्रगढ़ लोकसभा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने यहां कांग्रेस के तुष्टिकरण वाले मेनिफेस्टो को भी देश के लिए घातक बताते हुए कहा कि कांग्रेस और उसके घमंडिया गठबंधन की नजर अब देश की जनता की संपतित पर है। कांग्रेस के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के संसाधनों पर सबसे पहला अधिकार अल्पसंख्यकों का है और अब कांग्रेस ने अपने चुनाव घोषणा पत्र में इस बात को शामिल किया है कि देश की संपतित की जांच करवाकर उसे एक वर्ग विशेष के लोगों के बीच वितरित करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को केवल एक वर्ग विशेष की चिंता है। कांग्रेस ने कर्नाटक में एक विशेष वर्ग के लोगों को ओबीसी में शामिल करने का काम किया है,जो अति निंदनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस का यह कदम देश को कमजोर करने वाला कदम है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा दिया और इस अभियान से हरियाणा में लाखों बेटियों को नया जीवनदान मिला। लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों में बेटियों पर अत्याचार हो रहे हैं कर्नाटक में एक बड़े नेता के परिवार में एक बेटी की हत्या कर दी गई, लेकिन कांग्रेस के किसी भी नेता ने एक शब्द भी नहीं बोला और उनके मुंह पर ताला लग गया। कांग्रेस के झूठ के कारण राजस्थान में 4000 से ज्यादा किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा। 16000 किसानों की जमीन कुर्क हो गई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के राज में केवल भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद की गारंटी हो सकती है बाकी किसी बात की कोई गारंटी नहीं है। देश की जनता अब इस बात को अच्छी प्रकार से समझने लगी है। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनधन खाते खोलकर गरीब व्यक्ति को बैंक में जाने का अधिकार प्रदान किया तो कांग्रेस ने कहा था कि खाते तो खुल जाएंगे, लेकिन उनमें पैसा कहां से आएगा ? मुख्यमंत्री ने कहा कि आज स्थिति यह है कि जन-धन के तहत खुले 50 करोड़ खातों में 45000 करोड रुपए जमा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़कों का जाल बिछाने का काम किया। रेलवे और एयर की कनेक्टिविटी बेहतर करने का काम किया। देश में संस्कृति का संरक्षण करने का काम किया। जिसमें केदारनाथ का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकालेश्वर कॉरिडोर, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, राममंदिर का निर्माण शामिल हैं। महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ जाने में पहले 9 घंटे लगते थे आज 4 घंटे में महेंद्रगढ़ से चंडीगढ़ पहुंचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भारत 2014 में विश्व में आर्थिक ताकत के रूप में 11 स्थान पर था वह आज पांचवें स्थान पर है और जल्दी ही यह विश्व की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर विषय में देश को मजबूत करने का काम किया है देश की सीमाओं पर पहले हर रोज पत्थरबाजी होती थी, जिससे सीमा पर तैनात जवान परेशान थे, लेकिन आज न तो पत्थरबाजी होती है और ना ही पत्थरबाज नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत की साख विदेशों में काफी बढ़ गई है और भारत की बात को विश्व की बड़ी शक्तियां बड़े ध्यान से सुनती हैं और उस पर अमल भी करती हैं।

जो पैसा भ्रष्टाचार के माध्यम से कुछ लोगों की जेब में जाता था,उस पैसे से किया विकास : धर्मबीर

भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा उम्मीदवार धर्मवीर सिंह ने कहा कि नोटबंदी और जीएसटी दो ऐसे फैसला थे जिससे देश में काले धन पर रोक लगी और भ्रष्टाचार खत्म हुआ। उन्होंने कहा कि जीएसटी के माध्यम से देश के खजाने में 49 लाख करोड़ रूपया आने लगा है जो पहले केवल 18 लाख करोड़ रुपए आता था। उन्होंने कहा कि टैक्स पहले की तरह ही है। अंतर केवल इतना है कि पहले यह 31 लाख करोड़ रूपया भ्रष्टाचार के माध्यम से कुछ लोगों की जेब में जाता था और आज यह पैसा सड़कों, मेडिकल कॉलेज, एम्स, एयरपोर्ट के निर्माण में लगता है। उन्होंने कहा कि चीन हमारे बाद आजाद हुआ, लेकिन वह विकास के मामले में हमसे आगे निकल गया। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से हम उसे कड़ी टक्कर देते हुए नजर आते हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में लेह लद्दाख और नॉर्थ ईस्ट में चीन के कैंप लगे हुए थे और वहां जाने में हमारे सैनिकों को 15 दिन लग जाते थे, लेकिन आज नेशनल हाईवे बनने से वहां जाना आसान हुआ है और देश की सुरक्षा मजबूत हुई है। धर्मवीर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इतना जलवा है कि पाकिस्तान के लोग भी कहते हैं कि एक बार नरेंद्र मोदी उनका देश भी संभाल ले तो वहां का भी कुछ भला हो जाए।

**विकास के पहिए को निरंतर जारी रखने के लिए 10 के 10 कमल खिलने जरूरी : डॉ. अभय सिंह यादव**

विजय संकल्प रैली को सिंचाई मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि देश व प्रदेश में चल रहे विकास के पहिए को निरंतर जारी रखने के लिए हमें हरियाणा में 10 के 10 लोकसभा प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करनी होगी और हमारे लोकसभा प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह को अधिक से अधिक मतों से जीत कर लोकसभा में भेजना होगा।

**411 सीट जीतेगी भाजपा : रामबिलास शर्मा**

हरियाणा के पूर्व शिक्षा मंत्री रामविलास शर्मा ने कहा कि भाजपा इस लोकसभा चुनाव में 411 सीटों पर जीत दर्ज करेगी और 4 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 411 सांसदों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही ताकत है कि वह पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के गांव में घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों को तहस-नहस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह कोई मामूली चुनाव नहीं है बल्कि यह धर्म युद्ध है और इस युद्ध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विजयी बनाना 140 करोड़ लोगों का सपना है।

**देश की कमान सुरक्षित हाथों में, इसे बरकरार रखना होगा : ओमप्रकाश यादव**

नारनौल के विधायक व पूर्व मंत्री ओम प्रकाश यादव ने विजय संपन्न रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इस समय देश की कमान सुरक्षित हाथों में है इसी को बरकरार रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को हमें मजबूत करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 पर के नारे को साकार करने के लिए हमें भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौधरी धर्मवीर सिंह के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करना होगा। चौधरी धर्मवीर सिंह की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीत होगी।

महेंद्रगढ़ में विजय संकल्प रैली में नारनौल नगर परिषद प्रधान कमलेश सैनी, महेंद्रगढ़ नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी, सुरेन्द्र पूनियां, भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, गार्गी कक्कड़, जिला परिषद जिला प्रमुख राकेश कुमार, विजय लक्ष्मी चेयरमैन, मंजू कौशिक, मनीष राव, मोनिका चेयरमैन सतनाली,चन्द्र कला खातौद,जिला पार्षद देवेंद्र यादव, जिला पार्षद वचनाईनाथ, विद्यानंद लांबा, भारती सैनी, अजीत कलवाड़ी, सुधीर दीवान, पवन खैरवाल, राकेश शर्मा, शिवकुमार मेहता, निर्मल तंवर, अर्चना ठाकुर, अमित भारद्वाज, सरला यादव, सरिता जांगड़ा, माया सैनी, अमित मिश्रा नरेंद्र झिमरिया, नौरंग सिंह बसई, राजेन्द्र लाम्बा डालनवास, दिवान शेखावत, हरिओम तंवर सरपंच, नौरंग सिंह बसई, मुन्नाभाई शेखावत,विष्णु पाली, सुरत सैनी, मास्टर दिनेश सैनी, धमेन्द्र सैनी, रामबिलास सैनी, लक्ष्मीनारायण सैनी, ओमप्रकाश सैनी, शकुंतला महायच,सोनी सैनी, मुकेश खटीक तथा पांचों मंडल अध्यक्ष अशोक शेखावत,सतबीर भैरा, दिनेश यादव, कुलदीप शर्मा, विवेक खैरवाल सहित भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी मौजूद रहे।

**भाजपा में शामिल हुए**

आज अन्य पार्टियों को छोड़कर बीजेपी ज्वाइन करने वालों में नारनौल से पवन सैनी, सतपाल सैनी, महेंद्र सैनी, सुनील सैनी, डॉक्टर अनिल सैनी, डॉक्टर नरेंद्र यादव, महेंद्रगढ़ से शशि यादव, अमित यादव, हेमंत सैनी, कृष्ण सैनी, संजय सैनी, कालू राम, विनोद कुमार, पप्पू प्रधान शामिल हैं। इन सभी ने कैलाश सैनी के प्रयासों से भाजपा में शामिल होने की घोषणा की।

**झलकियां:**

भीड़ की दृष्टि से विजय संकल्प रैली सफल रही। विजय संकल्प रैली में उमड़ी भीड़ से रैली के आयोजन पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी गदगद नजर आए। विजय संकल्प रैली में महिलाओं की संख्या भी अच्छी रही। विजय संकल्प रैली में अपने 37 मिनट के भाषण में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का हरियाणा भाजपा को सत्ता तक लाने में दिए गये योगदान का अपने भाषण में कई बार जिक्र किया। विजय संकल्प रैली में कांग्रेस इनेलो जजपा सहित अन्य पार्टियों छोड़कर भाजपा में शामिल होने वालों में अधिकांश संख्या में सैनी बिरादरी के लोग रहे।

विजय संकल्प रैली के समापन के बाद शहर में जाम की स्थिति बन गई जो काफी समय बाद यातायात का सुरक्षित आवागमन हुआ। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नगर पालिका चेयरमैन व नारनौल नगरपरिषद कमलेश सैनी के देवर रमेश सैनी के घर पर जलपान किया

### हनुमान जयंती पर बोधराज सीकरी की हनुमान चालीसा पाठ मुहिम का आंकड़ा पहुंचा 6 लाख 18 हजार पार

# राम साध्य भी, राम साधना भी, राम आराध्य भी, राम आराधना भी : बोधराज सीकरी

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** कल मंगलवार दिनांक 23 अप्रैल शाम की बेला में बोध राज सीकरी द्वारा हनुमान चालीसा पाठ की मुहिम के तहत पाठ का आयोजन डीएलएफ़ फेज -1 गुरुग्राम में श्री अभिषेक खनेजा के निवास स्थान पर उन्होंने अपने भ्राता विशाल, अपने मित्र नरेश चावला के सामूहिक प्रयास से आयोजित किया। आयोजन में अत्यंत सुंदर दरबार सजाया गया। पंडित भीम दत्त ने मंत्रोच्चारण के साथ शंखनाद किया और श्री गजेन्द्र गोसाई ने व्यास गद्दी से अत्यंत सुंदर तरीके से हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया। डेढ़ सौ से अधिक साधकों ने श्री गजेंद्र गोसाई के लय के साथ लय मिलाकर मस्ती में संकीर्तन का आनंद लिया। तदोपरांत राम नाम की 108 बार माला का जाप कर पाठ का समापन किया। समापन से पूर्व खूब नृत्य के माध्यम से हनुमान जी को रिझाया।

आयोजन में श्री गजेन्द्र गोसाई, डॉक्टर अलका शर्मा, सह संयोजिका माता वैष्णोदेवी मंदिर गढ़ी हरसरु की गरिमायुक्त उपस्थिति रही ।

प्रारंभ में हनुमान जी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में सर्वप्रथम आयोजकों श्री अभिषेक, श्री विशाल, श्री नरेश और श्री कृष्ण जी को साधुवाद किया। उन्होंने बताया कि हनुमान जी का जन्म चैत्र मास, शुक्ला पक्ष, पूर्णिमा तिथि, मंगलवार, चित्र नक्षत्र में हुआ था और आज भी वही मास, वही तिथि, वही पक्ष, वही वार और वही नक्षत्र है। यह संयोग न जाने बहुत वर्षों के बाद बनता है। यह ईश्वर लीला है।

बोधराज सीकरी के अनुसार 4.32 अरब साल पूर्व हनुमान जी का अवतरण हुआ और सात चिरंजीवी में आज भी हनुमान जी विद्यमान हैं। जहां राम कथा होती है, वहाँ तो हनुमान जी अवश्य विराजमान होते हैं। बोध राज सीकरी ने बताया कि कैसे माँ अंजनी और पिता राज केसरी ने घोर तपस्या कर शिव जी को प्रसन्न किया और उनसे ऐसे पुत्र की कामना कि जो बल में तो रुद्र के समान हो, गति में वायु के समान और बुद्धि में गणेश जी के समान हो। इस प्रकार शिव के रुद्र अवतार का राम जी के कार्य सिद्ध करने के लिए हनुमान जी का जन्म हुआ।

इसके अतिरिक्त बोधराज सीकरी ने राम की महिमा इस बार गायकी से की। उनकी गायकी के कुछ शब्द इस प्रकार है :-

राम साध्य भी है, राम है साधना,
राम आराध्य भी, राम आराधना ।

राम सृष्टि भी है, राम सृष्टा भी है,
राम दृष्टि भी है, राम दृष्टा भी है।

राम है धारणा, राम धर्म भी है,
राम ज्ञानी भी है, राम कर्म भी है।

राम वक्ता भी है, राम श्रोता भी है। राम संतों के दिल का ज्ञाता भी है।

बोधराज सीकरी ने भरत की अर्द्धांगिनी मांडवी का एक दृष्टांत पेश कर लोगों को अचंभित कर दिया। बोध राज सीकरी ने बताया कि एक बार किसी ने मांडवी से उसके ससुराल की चर्चा की तो मांडवी ने बताया कि उनका ससुराल विलक्षण है, जहां राम जैसे ज्येष्ठ भाई तपस्वी है, मेरे पति जैसा व्यक्तित्व त्यागी है जो राज गद्दी मिली हुई को ठुकरा देता है और एक भाई त्यागी है वो है लक्ष्मण जो बड़े भाई की ख़ातिर अयोध्या त्याग कर भाई भाभी की सेवा स्वीकारता है और सबसे छोटा भाई शत्रुघ्न बड़भागी है जो सारे गृहस्थ के कामकाज सम्भालता है और अयोध्या की सेवा करता है।



हनुमान जी के प्राकट्य दिवस के उपलक्ष्य में आयोजकों द्वारा केक भी काटा गया और आपस में अपनी संस्कृति को बचाने के लिए आश्वासन भी दिये और युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने के लिए संकल्प भी लिया।

पिछले सप्ताह तक 264 स्थानों पर 44,150 साधकों द्वारा 613,665 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं।

कल के पाठ में लगभग 150 भक्तों ने भाग लिया और सभी ने 21-21 बार पाठ किया। श्रीमती ज्योत्सना बजाज के ऑनलाइन हनुमान चालीसा के पाठ के आयोजन में 18 लोगों ने 11-11 बार पाठ किया। विजय टन्डन और श्री रणधीर टन्डन की फैक्ट्री के 64 कर्मचारियों ने 2-2 बार पाठ किया। जनता रिहैबिलिटेशन सेंटर में 40 विद्यार्थियों ने 21-21 बार पाठ किया। इसके अतिरिक्त जामपुर शिव मंदिर ईस्ट ऑफ कैलाश में 51 साधकों ने 5-5 बार सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ किया व सुशांत लोक में मॉर्निंग वॉकर 25 लोगों ने 5-5 बार पाठ किया।

इस प्रकार अब तक 270 स्थानों पर 44,498 साधकों द्वारा 618,361 हनुमान चालीसा पाठ हो चुके हैं।

गणमान्य व्यक्तियों में पत्रकार एवं संपादक गुरुग्राम टुडे अनिल आर्य, धर्मेन्द्र बजाज भाजपा नेता व अध्यक्ष अर्जुन मण्डल, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, सुभाष नागपाल, रवि मनोचा, अश्वनी वर्मा, युधिष्ठिर अलमादी, रमेश कामरा, संदीप अनेजा एडवोकेट, ज्योत्सना एडवोकेट, किशोरी लाल डुडेजा, राजिंदर बजाज, विष्णु खन्ना, दीपक वर्मा, दीपचंद फ़ौजी, पी.एन सिंह, सलिल मिश्रा, राजीव छाबड़ा, अजय भार्गव, रमेश नरूला, सतीश चावला, जगदीश डुडेजा, अशोक तनेज़ा, ओ.पी कालरा, हरीश गांधी, रवींद्र गोसाई, संजय आहूजा मौजूद रहे।

यजमान गण में अभिषेक खनेजा, विशाल खनेजा, नरेश चावला और कृष्ण चावला की उपस्थिति रही।

महिला मंडली से ज्योत्सना बजाज, सीमा कपूर, गीता, सुरेश सीकरी, मीनू छाबड़ा, सीमा चावला, आशीमा भार्गव, मिसेज़ नरूला, सिमरन बजाज, रश्मि बजाज उपस्थित रहीं।

# पंजाबी समुदाय मनोहर की रैली को लेकर अति उत्साहित, भाजपा हमारी हितैषी पार्टी है : बोधराज सीकरी

**पंजाबी एकजुट है-उनमें किसी प्रकार का मतभेद या मन भेद नहीं है : धर्मेन्द्र बजाज**

**यदि कोई मतभेद या मनभेद या कोई विचारों में अंतर है तो उसे मिटाना चाहिए : गार्गी कक्कड़**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** बुधवार के दिन पंजाबी समुदाय की एक विशेष बैठक का आयोजन बोधराज सीकरी द्वारा पार्टी के एक साधारण कार्यकर्ता के रूप में न की बिरादरी के अध्यक्ष के रूप में डेरावाल भवन में शाम पाँच बजे हुआ, जिसकी अध्यक्षता श्रीमती गार्गी कक्कड़, भाजपा की प्रदेश सचिव ने की। बोधराज सीकरी ने इस बैठक के निमित्त जितने भी भाजपा के नेता थे, सभी को निजी तौर पर निमंत्रित किया। उदाहरण के तौर पर श्री तिलक राज मल्होत्रा, पूर्व ज़िला अध्यक्ष, श्री संजय भसीन, श्री हरविंद कोहली, श्री यशपाल बत्रा, श्रीमती सीमा पाहुजा, श्री कपिल दुआ, डॉक्टर परमेश्वर अरोड़ा, श्री गिरिराज धींगड़ा आदि। इतने अल्प समय के नोटिस में 200 से अधिक पंजाबी समुदाय के लोगों का एकत्रित होना यह दर्शाता है कि अब पंजाबी एक हैं। अचंभा इस बात का हुआ कि महिलाओं की संख्या 25 प्रतिशत के क़रीब थी जिसका श्रेय श्रीमती ज्योत्सना बजाज को जाता है जिसने अपने संपर्क से महिला शक्ति को आमंत्रित किया। मंच संचालन पंजाबी समाज के वरिष्ठ धर्मेन्द्र बजाज ने बखूबी किया और बैठक प्रारंभ करने से पहले उन्होंने भूमिका तैयार की और फिर बोधराज सीकरी से आग्रह करके सभी नेताओं को मंच पर लाये।

उपरिलिखित नेता के अतिरिक्त केंद्रीय श्री सनातन धर्म सभा के प्रधान सुरेंद्र खुल्लर, आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान अशोक आर्य और डेरावाल बिरादरी के प्रधान रमेश चुटानी और वयोवृद्ध बीडी पाहूजा भी मंच पर शोभायमान थे। श्रीमती गार्गी कक्कड़ की 30 साल से अधिक की संगठन के प्रति सेवा और उनका एकजुट का मंत्र काम आया। उन्होंने अपनी सौम्य भाषा से सभी का मन हर लिया। तिलकराज मल्होत्रा ने अपने जिलाध्यक्ष के



समय की यादों को ताज़ा किया कि कैसे 15-20 कार्यकर्ता की टीम सारा काम सम्भालती थी और आज ईश्वर कृपा से संगठन कार्यकर्ता से भरपूर है। श्रीमती सीमा पाहूजा ने अधिक से अधिक संख्या लाने का आश्वासन दिया और बड़ों से मार्गदर्शन की प्रार्थना की। यशपाल ग्रोवर का फोकस संख्या पर था। उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस के पास उम्मीदवार ही नहीं हैं। हमें अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होना चाहिए। अपनी सेवा का उन्होंने पूरा आश्वासन दिया। कपिल दुआ ने कहा कि एक सच्चे सिपाही के नाते

समाज और मेरे बड़े जो मुझे ड्यूटी देंगे मैं उसे बखूबी निभाऊँगा। उन्होंने समाज को एकजुट होने की बात भी की। सुरेंद्र खुल्लर और अशोक आर्य का आश्वासन था कि इस वक्त समय की पुकार है कि हम भाजपा के उम्मीदवार को, जो स्वच्छ छवि के हैं और निरंतर गुरुग्राम लोकसभा के इलाके की सेवा कर रहे हैं, उन्हें अधिक से अधिक वोट से जितवाकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करें। डॉक्टर परमेश्वर अरोड़ा में मनोहर लाल की तुलना एक देव तुल्य व्यक्तित्व से की और कहा कि हम सबका फ़र्ज़ है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुँचकर कीर्तिमान स्थापित करें। गार्गी ने मनोहर लाल द्वारा अपने हिस्से की ज़मीन समाज को देना, मुख्यमंत्री के पद के बाद अपना सब कुछ राष्ट्र को देना उनके राष्ट्र प्रेम को सिद्ध करता है।

बोधराज सीकरी ने अपने धारावाहिक वक्तव्य में पहले तो सरकार की उपलबधियों की झड़ी लगा दी और फिर विभाजन विभीषिका के दर्द को उजागर कर लोगों के रोंगटे खड़े कर दिये। उन्होंने आगे कहा कि यद्यपि श्री मनोहर लाल पंजाबी समाज से आते हैं परंतु उन्होंने अपने आप को कभी पंजाबी नेता नहीं माना और वे सदा 36 बिरादरी की बात करते आये हैं। उनके लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। उनका जीवन त्यागी का और तपस्वी का है। उनका धर्म राष्ट्र सेवा है। राम मंदिर पर विस्तार पूर्वक चर्चा के बाद सभी उपस्थित समाज के लोगों से करतल ध्वनि से आश्वासन लिया कि हर व्यक्ति कम से कम अपने साथ दस व्यक्ति और लाएगा। बोधराज सीकरी ने अपने वक्तव्य में कहा कि जहां एक और श्री कमल यादव युवा जिला अध्यक्ष अपनी टीम के साथ निरंतर दिन-रात मेहनत कर रहे हैं वहीं हमारे श्री सुधीर सिंगला विधायक व अन्य विधायक और महिला मोर्चा टीम और सभी प्रभारी आदि निरंतर सेवारत है और सभी इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगन और मेहनत से जुड़े हुए हैं। अत: सबका कर्तव्य बन जाता है कि इस यज्ञ के अंदर अपनी अपनी हाजिरी की आहुति अवश्य डालें। बोध राज सीकरी ने बताया कि कुछ वरिष्ठ समाज के लोग किसी कारण नहीं आये परंतु उन्होंने आश्वासन भेजा है कि वे आशा से अधिक लोग लाने के लिए कृतसंकलपित हैं जिनमें श्री गिरिराज धींगड़ा, श्री अनिल कुमार, श्री राजपाल आहूजा के नाम विशेष कर बोले गये। रामलाल ग्रोवर ने भी सभी उपस्थित जन का धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस आयोजन में यद्यपि दो सौ से अधिक प्रमुख और प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही परंतु विशेष लोगों में श्री राम लाल ग्रोवर, श्री लक्ष्मण दास पाहूजा, श्री गजेंद्र गोसाई, श्री शेखर तनेजा, श्री रमेश कामरा, श्री सी.बी मनचंदा, श्री गोविंद आहूजा, श्री चांद आहूजा, श्री विजय वर्मा, श्री लेखराज चावला, श्री सुभाष गांधी, श्री सुभाष नागपाल, श्री द्वारकानाथ मक्कड़, श्री राकेश खेत्रपाल, श्री राजेंद्र बजाज, श्री रमेश कालड़ा, श्री किशोरी लाल डुडेजा, श्री युधिष्ठिर अलमादी, श्री ओ.पी.चुटानी, श्री सुनील चावला, श्री रमेश कुमार, श्री रवि मनोचा, श्री हेमंत मोंगिया, श्री राकेश गोसाई, श्री हरीश वर्मा, श्रीमती ज्योत्सना बजाज, श्रीमती सुषमा आर्य, श्रीमती सिमरन बजाज, श्रीमती वीणा चुटानी, श्रीमती तारा टुटेजा, श्रीमती कमलेश चावला, श्रीमती गीता, डॉक्टर वीना अरोड़ा, श्रीमती ऊष्मा सचदेवा, श्रीमती सपना सिंह उपस्थित रहे।

# लोकतंत्र के फेस्टिवल को आनन्दमय तरीके से मनाने के लिए अधिकारी गण बने भागीदार : सीईओ जिला परिषद

## कहा, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र के महापर्व पर निर्वाचन आयोग का विशेष ध्यान

## निर्वाचन आयोग की हिदायतों के बेहतर क्रियान्वयन पर मतदान करवाने में गलती को कोई गुंजाइश नहीं



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने लोकतंत्र के फेस्टिवल को आनन्दमय तरीके से मनाने के लिए अधिकारी गण भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र के महापर्व पर निर्वाचन आयोग का विशेष ध्यान है। वहीं भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के बेहतर क्रियान्वयन पर मतदान करवाने में गलती की कोई गुंजाइश नहीं है।

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने आज वीरवार को अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान लोकतंत्र के महापर्व पर निर्वाचन आयोग का विशेष ध्यान केन्द्रित है। निर्वाचन आयोग की हिदायतों पर मतदान करवाने में गलती की कोई गुंजाइश नहीं है।सतबीर मान ने लोकसभा चुनाव-2024 प्रक्रिया से जुड़े सहायक रिटर्निंग अधिकारी, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर ऑफिसर्स, प्रजाइडिंग ऑफिसर और सहायक प्रजाइडिंग ऑफिसर को ट्रेनिंग के द्वारा सफलतापूर्वक चुनाव संपन्न के लिए अमृता अस्पताल के ऑडिटोरियम में टिप्स दे रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण में चुनाव प्रक्रिया में लगाए गए अधिकारियों के स्वयं के वोट डालने के लिए फार्म 12 और 12 ए भी भरवाए गए हैं। ताकि वे चुनाव में ड्यूटी के साथ साथ मतदान करने के भागीदार बन सकें। वहीं ऐसे अधिकारी जो कि दूसरे प्रांतों में मतदाता हैं और वहां पर 25 मई को मतदान है तो उन्हें फार्म भरने की कोई जरूरत नहीं है। वे अपना मतदान दिवस पर लोकतंत्र के फेस्टिवल के लिए बूथों पर जाकर मतदान करने के भागीदार बन सकते हैं।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने कहा कि मतदान के दिन आगामी 25 मई को मतदान केन्द्रों पर अन्दर जाने और बाहर आने के लिए अलग-अलग गेट होते हैं। मतदान केंद्र के भीतर प्रजाइडिंग आफिसर्स, सहायक प्रजाइडिंग आफिसर्स के बैठने की व्यवस्था और ईवीएम, वीवीपैट, सीयू, पीयू, बैलेट कंट्रोल यूनिट सहित तमाम व्यवस्थाएं निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार बनाना सुनिश्चित करें। वहीं टेस्ट वोट, मोक पोल, परोक्षी वोट डलवाने सहित अन्य सभी व्यवस्था आयोग की हिदायतों के अनुसार पूरी करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को मतदान के लिए चुनाव पहचान पत्र, दिव्यांगजन सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस, आई कार्ड,बैंक पासबुक, पैन कार्ड, सर्विस कार्ड, आधार कार्ड, स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, इंश्योरेंस हेल्थ कार्ड सहित 13 विभिन्न आईडी में एक आईडी दिखानी जरूरी होती है। उन्होंने कहा कि आगामी 29 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के बाद 06 जून तक उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। वहीं 09 जून तक उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह देने के बाद आगामी 25 मई को प्रात: 07:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक मतदान प्रक्रिया को बेहतर तरीके से पूरा करना सुनिश्चित करें

सतबीर मान ने प्रशिक्षण कार्यशाला में बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर को मतदान के सभी प्रक्रियाओं का प्रबंधन करना, जिसमें मतदाताओं की सूची का तैयारी, वोटिंग मशीनों का प्रबंधन और नतीजों का घोषणा शामिल होता है। वहीं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को पूरा सहयोग करना हैं, उन्हें अपने कार्यों का सही तरीके से पूरी मदद करनी हैं। इसके अलावा सेक्टर अधिकारी को मतदान केंद्र के अलग अलग विभागों का तमाम प्रबंधन करना होता है, जिसमें उम्मीदवारों के पंजीकरण, मतदान केंद्रों की तैयारी और सुरक्षा शामिल होती है। प्रशिक्षण कार्यशाला में मतदान केंद्र के प्रैजाइडिंग अधिकारी को मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया का संचालन कैसे करना होता है। सहायक प्रैजाइडिंग अधिकारी को पूरी निष्ठा के साथ साथ मतदान केन्द्रों पर मदद करने और मतदान केंद्र पर सभी तकनीकी और व्यवस्थात्मक काम करना हैं।

सीईओ जिला परिषद ने भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदान के दौरान भरे जाने वाले सभी फार्म साथ साथ ही भरना सुनिश्चित करें। हर दो घंटे में मतदान प्रतिशत उच्चतर अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें। फोन किसी को भी मतदान केन्द्रों के भीतर न ले जाने दें। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार मीडिया कवरेज मतदान केन्द्रों के बाहर से की जाएगी। इसके अलावा कोई भी दिक्कत मतदान केंद्र पर आती है तो उसे रजिस्टर में जरूर दर्ज करें। उच्च अधिकारियों के विजिटर रजिस्टर में साइन जरूर करवाए। मतदान केंद्र के सभी प्रकार के पैकेट सील जरूर करें।

सीईओ जिला परिषद सतबीर मान ने प्रशिक्षण के दौरान मार्क-पोल मतदान विधि के लिए EVM /इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन, VVPAT/ वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल, CU /कंट्रोल यूनिट, और B/बैलेट यूनिट के बेहतर क्रियान्वयन और सेटिंग की पूरी बारीकी से विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि EVM /इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को सुनिश्चित करें कि EVM चालू है और सही तरह से काम कर रही है। स्क्रीन साफ और मतदाताओं के लिए पूरी तरह से ठीक है, यह सुनिश्चित करें। वहीं उम्मीदवारों का चयन करने के लिए बटनों की प्रतिक्रिया की पूरी निष्ठा के साथ साथ जाँच करें। साथ ही चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि EVM को सुरक्षित रूप से रखा गया है और मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती है। मतदान शुरू होने से पहले, मतदान केन्द्रों पर उम्मीदवारों के मतदान एजेंटों और मतदाताओं को EVM के सही काम की डेमो के रूप में उन्हें आत्मसात करने के लिए एक नकली वोट कराएं। VVPAT/वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल, सुनिश्चित करें कि VVPAT प्रिंटर EVM से ठीक तरह से कनेक्ट करना पूर्णतया सुनिश्चित करें। पेपर रोल को सही ढंग से लोड करें और यह भी तय करें कोई जाम नहीं है। साथ सुनिश्चित करें कि VVPAT डिस्प्ले स्पष्ट और मतदाताओं के लिए उचित दृश्यमान है। वहीं VVPAT प्रिंटर की जांच करें और सुनिश्चित करें कि यह सही तरह से काम कर रहा है। मतदाताओं को EVM पर अपने वोट को सत्यापित करने के बाद VVPAT पेपर ऑडिट ट्रेल पर जांच करने के लिए निर्देश प्रदान करें। चुनाव पर्व प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी सुनिश्चित करें कि CU की मेमोरी साफ है और वोटों को सही तरह से रिकॉर्ड करने के लिए तैयार है। यह सुनिश्चित करने के लिए अंतिम जांच करें कि CU अपने दोनों EVM और VVPAT के साथ सही ढंग से संचार कर रहा है। BU/ बैलेट यूनिट को सुनिश्चित करें कि BU EVM और CU से सही ढंग से कनेक्ट है। इसके अलावा यह सुनिश्चित करें कि BU पर उम्मीदवारों के लिए बटन सही ढंग से लेबल किए गए हैं और चुनाव में उम्मीदवारों के लिए सही हैं।

डीडीपीओ कैप्टन प्रदीप कुमार ने प्रशिक्षण के दौरान कहा कि सभी मतदान केन्द्रों में उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल कराकर ईवीएम को क्लीयर करके क्लोज जरूर करें। मतदान दौरान हर दो-दो घण्टे में मतदान प्रतिशत की जानकारी सेक्टर ऑफिसर्स के जरिये सहायक रिटर्निंग अधिकारी को देना सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मतदान केंद्र पर प्रजाइडिंग ऑफिसर द्वारा भरे जाने वाले फार्मों के साथ साथ समय पर भरना सुनिश्चित करें। मतदान केंद्र पर सामान्य निगरानी में बिजली, पेयजल, रैम्प सहित निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार अन्य मूलभूत सुविधाओं की चेकिंग करना, मतदान प्रक्रिया का प्रबंधन करना, चुनाव अधिकारियों की गणना और भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार प्रबंध करने बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं सहायक प्रैजाइडिंग अधिकारी द्वारा प्रैजाइडिंग अधिकारी के साथ सहायता करना, मतदान प्रक्रिया में सहायता प्रदान करना, मतदान केंद्र की सुरक्षा और क्रियान्वयन में सहायता करने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने कहा कि मीडिया कवरेज के लिए मतदान केन्द्रों पर आने मीडिया पर्सन से बात करके भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार मीडिया कवरेज मतदान केंद्रों पर लगी हुई लाइनों की ही करवाए। मोबाइल लेकर मतदान केन्द्रों के भीतर कोई भी व्यक्ति नहीं जाना चाहिए।


बता दे कि जिला प्रशासन द्वारा भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार गत सोमवार से आज वीरवार तक सुबह और शाम के दोनों सत्रों में 500, 500 अधिकारियों को रैंडमली चुनाव संपन्न कराने का पहला प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण कार्यशाला में एमसीएफ के संयुक्त आयुक्त करण सिंह भगोरिया और अन्य अधिकारी गण उपसस्थित रहे।

# तिगांव के सरकारी अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समाचार गेट ब्यूरो**

**बल्लभगढ़।** विश्व मलेरिया दिवस मनाने के संदर्भ में गुरुवार को तिगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिप्टी सीएमओ मलेरिया डॉ. राम भगत के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ़ गजेंद्र अधाना ने की। अधाना ने बताया कि मलेरिया से कैसे बचा जा सकता है। मलेरिया मच्छरों द्वारा फैलने वाली बीमारी है। इससे बचने के लिए अपने आस-पास मच्छरों को पैदा होने से रोकना चाहिए। मच्छर मुख्य रूप से पानी के आस-पास पैदा होते हैं। पक्षियों के लिए रखे जाने वाले पानी के बर्तन, कूलर, नालियों के आस पास पड़े कबाड़े टायरों में मच्छर पैदा होते हैं। इनका समय समय पर सफाई करना जरूरी होता है। इन सब से बचने तरीका केवल मच्छरदानी है। कीटनाशक के बहुत सारे साइड इफेक्ट होते हैं। ये मानव शरीर पर दुष्प्रभाव छोड़ते हैं। कार्यक्रम में डॉ. सरोज, डॉ. हितेश नागर, डॉ. मयंक पाराशर, एचआई विजेंदर, शिव कुमार व सर्वोदय नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं मौजूद रहीं।






## संपादकीय

# आम लोगों की संपत्ति पर कांग्रेस की नजर?



नरवीर यादव
कार्यकारी संपादक

अगर आपको पता चले कि आपके दादा-परदादा के द्वारा अर्जित की गई संपतति में से आधा हिस्सा सरकार टैक्स के रूप में जब्त कर लेगी। आप कहेंगे ये क्या बात हुई भला? वैसे तो आज से ठीक दो दिन बाद 13 राज्यों में 89 सीटों पर दूसरे चरण का मतदान चल रहा होगा। लेकिन क्या दूसरे चरण का मतदान मंगलसूत्र, मुसलमान और संपतति पर होगा? क्या इस बार मतदान का मुद्दा बदल जाएगा। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि पिछले एक दो दिन में चुनावी चर्चा के केंद्र में मंगलसूत्र, मुसलमान और संपतति की चर्चा तेज हो चली है। बीजेपी से लेकर कांग्रेस अपने अपने बयान और दावे हैं। विरासत टैक्स वाले बयान को बीजेपी के दिग्गजों ने मुद्दा बना लिया है। प्रधानमंत्री से लेकर गृह मंत्री तक ने कांग्रेस पर वार किया। प्रधानमंत्री ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, बाद भी। क्योंकि कांग्रेस की नजर जनता की गाढ़ी कमाई पर है। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पार्टी अब एक्सपोज हो चुकी है और उसे अब अपने घोषणापत्र से सर्वे की बात हटा लेनी चाहिए। दरअसल, कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कहा था कि अमेरिका में विरासत टैक्स लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपतति है और उसकी मृत्यु के बाद केवल 45 फीसदी संपतति बच्चों को मिलती है। बाकी सरकार के पास चली जाती है। जाहिर है आप भी सोच रहे होंगे कि आखिर ये विरासत टैक्स है क्या जिसकी वकालत कांग्रेस नेता ने की है।

**क्या होती है विरासत टैक्स**

इनहेरिटैंस टैक्स जिसे हिंदी में विरासत कर कहते हैं उन लोगों पर लगाया जाता है जिन्हें अपने पूर्वजों से उनकी मृत्यु के बाद चल-अचल संपतति मिलती है। पैसा कमाने के लिए अभी सरकार के पास दो एक्ट है, पहला जीएसटी जिससे 2023-24 में 20.14 लाख करोड़ रुपये का कलेक्शन आराम से हो जा रहा है। दूसरा इनकम टैक्स है जिससे वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन 19.58 लाख करोड़ रुपए रहा है।

**क्यों लगाया जाता है विरासत कर**

विदेशों में इनहेरिटेंस टैक्स को कुछ हाथों में अकूत संपतति जमा करने से रोकने की दिशा में इसे बड़े कदम के तौर पर देखा जाता है। जिससे समाज में असमानता को खत्म किया जा सके। लेकिन भारत में परिस्थितियां थोड़ी अलग है। प्रॉपर्टी की बेंच मार्क या थ्रेस होल्ड लिमिट वैल्यू के मानक को लेकर विवाद हो सकता है। इससे अमीर लोगों के साथ ही मध्य वर्गीय लोगों के चपेट में आने का खतरा भी है।

**विरासत या एस्टेट टैक्स हटाने वाले देश**

एस्टेट या इनहेरिटेंस टैक्स को हटाना आपको ज्यादा प्रगतिशील बनाता है और दूसरा ऐसे टैक्स वसूलने में बड़ी लागत आती है। संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया में सबसे अधिक संपतति करों में से एक है, इसलिए कई देश इस कर को खत्म करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2000 से ग्यारह देशों और दो कर क्षेत्राधिकारों ने अपने संपतति या विरासत करों को निरस्त कर दिया। निरस्त करने वाले दो कर क्षेत्राधिकार मकाऊ और हांगकांग थे।

# होडल लघु सचिवालय में निजी स्कूल संचालकों संग की बैठक

**समाचार गेट/हरिओम भारद्वाज**

**होडल।** होडल में सुरक्षित वाहन पॉलिसी को लेकर लघु सचिवालय सथित उपमंडल कार्यालय में एसडीएम रणवीर सिंह ने निजी स्कूल संचालकों की मीटिंग ली जिसमे होडल, हसनपुर के दर्जन भर स्कूल संचालकों ने हिस्सा लिया बैठक में एसडीएम ने स्कूल संचालकों सुरक्षित वाहन पॉलिसी को लेकर बातचीत की ओर आवश्यक दिशा निर्देश दिए और निर्देश दिया की जो स्कूल की बसों में सीसीटीवी जरूर लगवाए और प्राथमिक उपचार किट व अन्य आवस्यक दस्तावेज पूरा करने के दिशा निर्देश दिए और कहा की सभी स्कूल संचालक से कहा की बस ड्राइवर से कहे कि स्पीड मै बसों को ना चलाए ड्रेस पहन कर ड्राइव करे और ड्राइवर के पास वैध ड्राइवर लाइसेंस होना चाहिए और नेम प्लेट भी लगी होनी चाहिए अगर निर्देशों के बाद भी कोई स्कूल संचालक निर्देशो का उलंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त करवाही की जाएगी इस बैठक मै खंड शिक्षा अधिकारी किरणबाला, हसनपुर शिक्षा अधिकारी अमर सिंह के अलावा होडल, हसनपुर के निजी स्कूल के संचालक मौजूद रहे।

# पाकिस्तान की आयशा को लगा भारतीय दिल

**समाचार गेट/भावना कौशिश**



**नई दिल्ली।** 19 साल की पाकिस्तानी आयशा को पांच साल से दिल की बीमारी थी। उन्हें हार्ट ट्रांसप्लांट की आवश्यकता थी और 31 जनवरी को उन्हें भारत में एक दानकर्ता के दिल से यह संभावना मिली। उन्हें भारत के चेन्नई से लाया गया और दिल्ली के अस्पताल में सफलतापूर्वक सर्जरी की गई, जो कि मुफ्त में हुई।

**2019 में दिल की बीमारी का चला पता :** आयशा पहली बार 2019 में भारत आई थी जब उसे कार्डियक अरेस्ट हुआ और हार्ट फेलियर हो गया। उस समय अड्यार के मलार अस्पताल में वरिष्ठ कार्डियक सर्जन डॉ. के.आर. बालकृष्णन ने हार्ट ट्रांसप्लांट का सुझाव दिया था। उसे राज्य अंग रजिस्ट्री में प्रतीक्षा सूची में रखा गया था।

**वापस पाकिस्तान गईं :** प्रत्यारोपण के लिए पुल के रूप में, डॉक्टरों ने उसे एक बाएं वेंट्रिकुलर सहायक उपकरण दिया। यह एक सर्जरी के जरिए प्रत्यारोपित यांत्रिक पंप होता है जो बाएं वेंट्रिकल को ब्लड पंप करने में मदद करता है। आयशा भारत से वापस पाकिस्तान चली गईं।

**आयशा की जान बचाने का एक ही विकल्प था :** डॉ. केजी सुरेश ने बताया कि हमने जोखिम उठाने का फैसला आंशिक रूप से इसलिए किया क्योंकि दाता के हृदय की सथिति अच्छी थी और आंशिक रूप से इसलिए क्योंकि हम जानते थे कि यह आयशा का एकमात्र मौका था। सर्जरी अच्छी तरह से हुई और कुछ दिनों बाद आयशा को लाइफ सपोर्ट से हटा दिया गया।


**17 अप्रैल को मिली अस्पताल से छुट्टी :** एनजीओ ऐश्वर्या ट्रस्ट, पूर्व रोगियों और डॉक्टरों से पूलिंग के जरिए फंड जुटाया गया। 17 अप्रैल को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले राशन के परिवार ने अस्पताल का बिल चुका दिया। डॉक्टरों ने कहा कि हार्ट ट्रांसप्लांट में लगभग 35 लाख रुपये तक का खर्च आया।

# डीईओ ने खंड शिक्षा अधिकारियों, खंड संसाधन संयोजक को पत्र जारी कर किए निजी स्कूल बसों के इंस्पेक्सन आदेश निरस्त

## निजी स्कूल संचालकों ने ली राहत की सांस

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना-दादरी सडक मार्ग पर उन्हाणी के समीप बीती 11 अप्रैल को घटित स्कूल बस हादसे में अकाल मौत के मुंह में समाए 6 विद्यार्थियों की मौत के बाद हरकत में आई सरकार ने बसों की फिटनेस जांच सहित चालक-परिचालक के दस्तावजों को लेकर विभिन्न विभागों को आदेश जारी किए थे। उन्हें शिक्षा विभाग की ओर से निरस्त कर दिया गया है। जांच के दौरान स्कूली बसों में कमी पाए जाने पर बसों के चालान तथा इंपाऊड करने को कहा गया था। जिसके चलते परिवहन,पुलिस एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने पहले ही झटके में प्रदेशभर के स्कूलों की बसों की जांच की गई ओर सैकडों बसों को जब्त करने के साथ-साथ सैकडों बसों के चालान भी किए गए थे। जिससे व्यवस्था में सुधार माना गया। अब सरकार की ओर से इस अभियान को पूर्णविराम देते हुए निजी स्कूली वाहनों के जांच आदेशों को निरस्त करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से पत्र जारी किया गया है। इस बारे में जिला


प्रेषक:- जिला शिक्षा अधिकारी, नारनौल।
प्रेषित:-
सर्व खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला महेन्द्रगढ।
सर्व खण्ड संसाधन संयोजक, जिला महेन्द्रगढ।
यादी क्रमांक:- स्टैनो/2024- 358-62
दिनांक:- 19/04/2024
विषय:- निजि विद्यालयों के वाहनों के Inspection आदेशों को निरस्त करने बारे।

उपरोक्त विषय पर G.L.Public School Kanina का दिनांक 11.04.2024 को विद्यालय बस की दुर्घटनाग्रस्त होने पर W/ACS द्वारा दिनांक 12.04.2024 को दुर्घटना बारे V.C. Conduct करने उपरान्त इस कार्यालय के पत्र क्रमांक स्टैनो/2024/345-54 दिनांक 12.04.2024 के तहत निजि विद्यालयों के वाहन, चालक एवं परिचालक के सभी दस्तावेजों को निरीक्षण करने बारे आदेश जारी किये गये थे।

दिनांक 15.04.2024 को निदेशालय के Whats-up Group मे शिक्षा अधिकारियों द्वारा आदेश जारी किये गये थे कि "विभाग के संज्ञान मे लाया गया है कि कुछ जिला तथा खण्ड शिक्षा अधिकारी स्कूल बसों के चालान कर रहें है यह उनके अधिकार क्षेत्र मे नही आता है अतः इस प्रकार की गतिविधियों पर तुरन्त रोक लगाई जाये" तथा 16.04.2024 को भी निदेशालय के Whats-up Group मे शिक्षा अधिकारियों द्वारा आदेश जारी किये गये थे कि "उच्च अधिकारीगण के संज्ञान मे मामला आया है तथा मुझे निर्देशित किया गया है कि मै आपको @Deo and Deeo फरीदाबाद तथा अन्य जिला स्तरीय अधिकारी टीम का पुनः अवगत करवाउ आपको इस प्रकार की किसी भी कार्यवाही मे शामिल नही होना है इसके लिए कल भी समुह मे कहा गया था आपको आग्रह है इसे तुरन्त बंद किया जायें तथा आदेश को निरस्त किया जाये"।

निदेशालय द्वारा Whats-up Group मे जारी निर्देशित आदेशों की पालना में इस कार्यालय के पत्र क्रमांक स्टैनो/2024/345-54 दिनांक 12.04.2024 के द्वारा जारी आदेशों को निरस्त किया जाता है।

जिला शिक्षा अधिकारी,
नारनौल।

पृ0क:-सम- दिनांक:-सम-
एक-एक प्रति निम्नलिखित की सेवा मे सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
1. निदेशक सैकण्डरी शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
2. निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. उपायुक्त महादेय महेन्द्रगढ स्थित नारनौल।

जिला शिक्षा अधिकारी,
नारनौल।

शिक्षा अधिकारी नारनौल की ओर से बीती 19 अप्रैल को जारी पत्र क्रमांक स्टेनो-2024, 358-62 में जिले के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, खंड संसाधन संयोजक को निजी विद्यालयों के वाहनों के इंस्पेक्सन आदेशों को निरस्त करने के लिए कहा गया है। पत्र में कहा गया है कि 11 अप्रैल को विद्यालय की बस दुर्घटनाग्रस्त होने पर डब्ल्यू-एसीएस की ओर से 12 अप्रैल को वीडियो कांफ्रेंस के उपरांत डीईओ कार्यालय की ओर से पत्र क्रमांक स्टेनों 2024-345-54 दिनांक 12 अप्रैल के तहत निजी विद्यालयों के वाहन,चालक एवं परिचालक के सभी दस्तावेजों के निरीक्षण करने के आदेश जारी किए थे। 15 अप्रैल को शिक्षा निदेशालय अधिकारिक वाट्स अप ग्रुप से संज्ञान में आया कि प्रदेश के कुछ जिला एवं खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा स्कूल बसों के चालान किए जा रहे हैं जो उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। 16 अप्रैल को भी शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। डीईओ नारनौल की ओर से 12 अप्रैल को जारी किए आदेशों को निरस्त कर दिया है। उसके बाद निजी स्कूल संचालकों ने राहत की सांस ली है। घटना के बाद निजी स्कूल संचालक चालक-परिचालक को रिफ्रे शर कोर्स आयोजित कर जिम्मेवारी तथा संवेदनशीलता का पाठ पढा रहे हैं।

# विश्व मलेरिया दिवस पर पीएचसी भोजावास व सीएचसी सेहलंग में किया बैठक का आयोजन



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** बृहस्पतिवार को पीएचसी भोजावास व सीएचसी सेहलंग में विश्व मलेरिया दिवस पर बैठक का आयोजन किया गया। भोजावास में आयोजित बैठक की अध्यक्षता डॉ.दीपांशु ने की जबकि सेहलंग में आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रभा यादव ने की। उन्होंने अस्पताल के स्टाफ कर्मियों तथा आमजन को मलेरिया के कारण, निदान व बचाव की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मलेरिया एनाफ्लीज मादा मच्छर के काटने से पनपता है। ग्रामीणों को जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपने घर के नजदीक गंदा पानी जमा न होने दें, घर के अंदर फर्श पर फिनाईल का पौछा लगाएं। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे के रूप में मनाएं। घर के बर्तनों, कूलर,टंकी,फ्रिज, गमले को सूखकर प्रयोग में लाएं। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर नजदीकी अस्ताल में जाकर चिकित्सक से परामर्श लें। इस मौके पर एचआई राजकुमार, पूनम, प्रेमलता, अनिल कुमार, अमरजीत, महेंद्र सिंह, आशीष कुमार पंकज, प्रवीन, विजय, सुषमा,मंजू, उषा, पुष्पा, जयश्री के अलावा एमपीएसएस राजेंद्र कुमार, नवनीत, इंद्रजीत, भपेंद्र, धर्मेंद्र, मंशा, आशा, उपसथित थे।

# श्रीगौड सभा कनीना द्वारा इस बार आयोजित नहीं किया जाएगा भगवान परशुराम जयंति समारोह



**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मैमोरियल क्लब कनीना में बृहस्पतिवार को श्रीगौड ब्राह्मण सभा कनीना के पदाधिकारियों बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान डॉ.रविंद्र कौशिक ने की। बैठक की कार्रवाई शुरू करने से पूर्व हाजिर सद्स्यों ने हाल ही में उन्हाणी के समीप स्कूल बस हादसे में मारे गए 6 मासूम विद्यार्थियों की आतमिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक जताते हुए शांति पाठ भी किया। रविंद्र कौशिक ने कहा कि विद्यार्थियों की असामयिक मौत से पूरा प्रदेश स्तब्ध है। जिसे देखते हुए बैठक में हाजिर सद्स्यों ने अक्षय तृतीया तिथि पर भगवान परशुराम जयंति नहीं बनाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि सभा की संवेदनाएं पीडित परिजनों के साथ हैं। जिसके चलते भगवान परशुराम जयंति समारोह बाद में मनाए जाने का निर्णय लिया है। बैठक में समाज उत्थान तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर इंद्रलाल शर्मा पाथेडा, सुरेश शर्मा, राधेश्याम शर्मा, सुरेश वशिष्ठ, मुकेश शर्मा, प्रेम शर्मा, देंव्रद कुमार, मोहित सहित अन्य सद्स्य उपसथित थे।

# मेहनत-मजदूरी के लिए आया प्रवासी व्यक्ति हुआ लापता

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना उपमंडल के गांव ककराला में मेहनत-मजदूरी के लिए आया एक प्रवासी बुजुर्ग व्यक्ति रहस्यमय सथिति में लापता हो गया। बुजुर्ग व्यक्ति के पुत्र गुरूदेव सिंह वासी तुमहडिया डाम द्वितीय, जिला नैनीताल,उतराखंड ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वे ककराला गांव के जमींदार रणधीर सिंह के पास मजदूरी करने के लिए आए थे। 5 अप्रैल को उसके पिता मंगत सिंह की तबियत खराब हो गई। जिसे दवा दिलवाकर गांव भेज दिया गया था। उन्होंने कहा कि 24 अप्रैल तक उनके गांव नहीं पंहुचने की सूचना मिली तो रिश्तेदारी एवं उनके संभावित ठिकानों पर तलाश की गई। जिनका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने गुरूदेव सिंह की शिकायत पर गुमशूदगी का केस दर्ज कर मंगत सिंह की तलाश शुरू कर दी है।

# बेरोजगार युवक-युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में आरसेटी : चरणजीत सिंह

## नूंह पहुंचे आरसेटी के एसडीआर ने प्रशिक्षण कोर्सों का लिया जायजा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**




**नूंह।** नई अनाजमंडी में सथित केनरा बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) में सोमवार को आरसेटी के राज्य निदेशक (एसडीआर) चरणजीत सिंह नूंह संस्थान का दौरा किया। नूंह आरसेटी में पहुंचे एसडीआर ने संस्थान में चल रहे ब्युटी पार्लर और जूट प्रोडक्ट प्रशिक्षण कोर्सों का जायजा लिया।

इसके साथ ही एसडीआर ने प्रशिक्षर्णियों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पूरे भारत देश के सभीजिलों में आरसेटी चलाई जा रही है। जिनका उद्देश्य देश के बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगदान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का प्रयास है कि देश के बेरोजगार युवाओं को प्रशिक्षण के माध्यम व कौशल विकास को बढ़ावा देकर देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए राष्ट्र की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके।

उन्होंने कहा कि हरियाणा का नूंह (मेवात) जिला जोकि एकमात्र आकांक्षी जिला है। जिसे भारत सरकार के नीति आयोग ने देश का सबसे पिछड़ा जिला माना है। इस जिले के बेरोजगार बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम कराए जा रहे हैं।

वहीं एलडीएम वीर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के 18 से 45 वर्ष के बेरोजगार युवा व युवतियां इस संस्था का अवश्य लाभ उठाए। यहां संस्थान द्वारा निशुल्क प्रशिक्षण व खानपान की व्यवस्था मुहैया है। नूंह आरसेटी के डायरेक्टर रोहिताश कुमार ने कहा कि यह संस्थान वर्ष 2009 से चल रहा है। इस बीच अब तक करीब 10 हजार बेरोजगार युवाओं ने लाभ उठाया हैं। जिनमें करीब 7000 स्वरोजगार में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि महिला दर्जी, पापड़, आचार मसाला, अगरबत्ती, मोमबत्ती, खिलौना, पेपर कवर, लिफाफे व फाइल बनाने के प्रशिक्षण मई महीने चलाए जाएंगे। इस मौके पर वित्तीय साक्षरता केंद्र के परामर्शदाता एजाज अहमद भी मौजूद रहे।

# ईवीएम व वीवीपैट की प्रथम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण- जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा

**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा की अध्यक्षता में लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में वीरवार को ईवीएम व वीवीपैट की प्रथम रैंडमाइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस मौके पर सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपसथित थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी राजनैतिक दलों की उपसथिति में पारदर्शी तरीके से रैंडमाइजेशन प्रक्रिया करवाई जा रही है। इस पूरी प्रक्रिया की विडियोग्राफी करवाई गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम व वीवीपैट संबंधित विधानसभा क्षेत्र के लिए अलाट हो गई हैं। इसके बाद फाइनल रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम व वीवीपैट संबंधित विधानसभा में मतदान केंद्रों के लिए अलाट की जाएंगी। प्रथम रैंडमाइजेशन के दौरान 15 प्रतिशत ईवीएम व 25 प्रतिशत वीवीपैट प्रति विधानसभा क्षेत्र के लिए अतिरिक्त अलाट की गई हैं, जोकि चुनाव के दौरान रिजर्व रखी जाएंगी और किसी मशीन के खराब होने जैसी सथिति में इनका उपयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला में 79-नूंह विधानसभा क्षेत्र, 80-फिरोजपुर झिरका व 81-पुन्हाना विधानसभा क्षेत्र में कुल 630 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें नूंह में 193 मतदान केंद्र, फिरोजपुर झिरका में 242 मतदान केंद्र तथा पुन्हाना में 195 मतदान केंद्र हैं।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र समाचार गेट City24News शहर आपका, खबर आपकी
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर में
फरीदाबाद
दिल्ली, चंडीगढ, गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, सोनीपत, नारनौल, रेवाड़ी, कनीना, नूंह, पलवल, सोहना, हथीन, भिवानी से एक साथ प्रसारित।
Contact: 9212339503, 9818180269

BHANU PRATAP SINGH
96876221651 9978622651
HiTECH ENGINEERING
MFG OF: PROGRESSIVE STAMPING TOOLS AND DIES, JIG FIXTURE GAUGES SPM, POWER PRESS HYDRAULIC PRESS AND PRECISION SHEET METAL COMPONTNTS
SHED NO. 66/67, VISHWAKARMA IND.ESTATE ROAD NO.5, G.I.D.C.,KATHWADA, AHMEDAVBAD - 382430.
hitech493@gmail.com
bpsingh493@gmail.com
www.hitechpowerpressindia.com

समाचार गेट
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार को
आवश्यकता है
● हरियाणा के प्रत्येक जिले में ब्यूरो चीफ
● उपमंडल व ब्लॉक स्तर पर संवाददाता
● ग्रामीण संवाददाता ● फोटोग्राफर
● विज्ञापन प्रतिनिधि
इच्छुक युवक-युवती अपना बायोडेटा मेल करें-
krishna24news@gmail.com
मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा)
संपर्क करें: 9818180269

# घर से मतदान करने के इच्छुक बुजुर्ग व दिव्यांगजन मतदाताओं की सूची तैयार करें बीएलओ : जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने ट्रैनिंग कार्यक्रम में बीएलओ को दिए यह दिशा-निर्देश**

**नया वोट बनवाने के लिए फार्म भरने की अंतिम तिथि आज 26 अप्रैल**



**समाचार गेट/अनिल मोहनियां**

**नूंह।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। जिला के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी बीएलओ यह सुनिश्चित करें कि वे आयोग द्वारा इन मतदाताओं को दी गई इन सुविधाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें और इसके लिए फार्म नंबर-12डी जरूर भरवा लें। दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता अगर अपने घर से बैलेट पेपर से वोट डालने के इच्छुक हैं तो वे भी अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी वीरवार को मेडिकल कालेज नल्हड़ के सभागार में आयोजित बीएलओ की ट्रेनिंग के दौरान उन्हें संबोधित करते हुए यह दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा आम चुनाव में 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को बैलेट पेपर द्वारा घर से ही मतदान करने की सुविधा दी गई है। सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में ऐसे मतदाताओं की सूची तैयार करें। निर्धारित वर्ग के जो मतदाता घर से मतदान करने के लिए आवेदन करते हैं, उनका घर से ही मतदान सुनिश्चित किया जाए। बीएलओ अपने एरिया में यह सुनिश्चित करे कि इन वर्गों के कितने मतदाता ऐसे हैं जो घर से मतदान करने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि सभी बीएलओ अपने पोलिंग बूथ की सभी सुविधाओं जैसे रैंप, पेयजल, बिजली, शौचालय इत्यादि की अच्छी प्रकार से जांच भी अवश्य कर लें। उन्होंने कहा कि 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में वोट डालने के लिए प्रत्येक युवा अपना वोट अवश्य बनवा लें, इसके लिए कल 26 अप्रैल को फार्म नंबर-6 भरने की अंतिम तिथि है। वोट बनवाने के लिए अपने बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं। सभी बीएलओ पात्र व्यक्तियों के आगामी 26 अप्रैल तक वोट बनवाने के लिए प्रेरित भी करें। चुनाव आयोग की वेबसाइट व मोबाइल एप वोटर हेल्पलाइन के द्वारा वोटर कार्ड के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिए कि वे अपने क्षेत्रों व गांवों में एएसडी यानी एबसेंट, शिफटिड, डबल या डैड हो चुके मतदाता की सूची अवश्य तैयार कर लें। इसके अलावा जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की चुनाव ड्यूटी गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र में है और वे इसी लोकसभा क्षेत्र के निवासी हैं तो वे फार्म नंबर फार्म 12ए से आवेदन कर फार्म नंबर 12बी यानी ईडीसी सर्टिफिकेट प्राप्त कर लें और चुनाव के दिन वे अपने नजदीकी किसी भी बूथ पर अपना वोट डाल सकते हैं। इसी प्रकार अन्य लोकसभा क्षेत्र के निवासी होने की स्थिति में फार्म नंबर-12 से बैलेट पेपर प्राप्त कर लें और बैलेट पेपर को भरकर जमा करवा दें, ताकि समय पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी को बैलेट पेपर भेजे जा सकें। उन्होंने कहा कि ट्रैनिंग कार्यक्रमों में बीएलओ व अन्य अधिकारी, कर्मचारी अनुपस्थित न रहें। अगर बिना सूचना के अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाए जाते हैं, तो संबंधित के खिलाफ तुरंत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम फिरोजपुर झिरका डा. चिनार चहल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम नूंह विशाल व सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पुन्हाना लक्ष्मीनारायण व एसडीएम तावडू संजीव कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल भी उपस्थित थे।

# चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन महत्वपूर्ण प्रक्रिया : डीसी

**लोकसभा आम चुनाव के तहत राजनीतिक दलों की मौजूदगी में हुआ ईवीएम व वीवीपैट का प्रथम रेंडमाइजेशन**

**आज से शुरू होगी ईवीएम मशीनों की सैरीगेशन प्रक्रिया।**




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला रेवाड़ी में लोकसभा आम चुनाव को पूर्ण पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ संपन्न कराने के लिए रेंडमाइजेशन का दौरा जारी है। पोलिंग पार्टियों की प्रथम रेंडमाइजेशन होने के उपरांत गुरूवार को लघु सचिवालय सभागार में ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वीवीपैट की प्रथम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया पूरी की गई। रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के माध्यम से यह सुनिश्चित किया गया कि कौन से विधानसभा क्षेत्र में कौन-कौन सी ईवीएम (बीयू-सीयू-वीवीपैट) आवंटित की गई हैं। सभी राजनीतिक दल ईवीएम रेंडमाइजेशन प्रक्रिया से संतुष्ट नजर आए। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा की अध्यक्षता एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुए प्रथम रेंडमाइजेशन में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों नामत: 72-बावल, 73-कोसली व 74-रेवाड़ी के आधार पर आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का आवंटन किया गया। डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनावों के तहत भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रथम रेंडमाइजेशन में बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट का वितरण किया गया। रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से कंप्यूटर पर उपलब्ध भारत निर्वाचन आयोग के ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम पर की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिला में होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों की मौजूदगी में करवाई जाती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत होती है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की सख्ती से पालना करें। जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करते हुए आपसी भाईचारा बनाए रखें और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव पूर्ण करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि शुक्रवार 26 अप्रैल से ईवीएम व वीवीपैट की सैरीगेशन प्रक्रिया शुरू होगी। ईवीएम रेंडमाइजेशन के तहत सबसे पहले राजनीतिक दलों की मौजूदगी में कम्प्यूटर पर ईवीएम मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर पर रेंडमाइजेशन की मॉक ड्रिल की गई। बैठक में एसडीएम एवं एआरओ रेवाड़ी विकास यादव, एसडीएम एवं एआरओ बावल मनोज कुमार, एसडीएम एवं एआरओ कोसली उदय सिंह, सीटीएम लोकेश कुमार सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

**लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने की सार्थक पहल**

# विवाह-शादियों की तरह मतदाताओं को भेजे जाएंगे निमंत्रण पत्र

**बूथ लेवल अधिकारी करेंगे मतदाताओं का स्वागत, जिला में 25 मई को होगा मतदान।**




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि 18वें लोकसभा आम चुनाव-2024 में हरियाणा में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए मुख्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा एक सार्थक पहल की गई है, जिसके तहत इस बार मतदाताओं को मतदान करने के लिए बुलाने हेतु विवाह-शादियों की तरह निमंत्रण पत्र भेजे जाएंगे। विवाह-शादी समारोह की तरह बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं का मतदान केंद्र पर पहुंचने पर स्वागत करेंगे। इस बार हरियाणा में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य है। राज्य में छठे चरण के तहत 25 मई को मतदान होना है, जिसके लिए 29 अप्रैल को चुनावों की अधिसूचना जारी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने निर्वाचन आयोग की ओर से शुरू की गई इस सार्थक पहल की जानकारी देते हुए बताया कि विवाह-शादी की तरह निमंत्रण पत्र तैयार किया गया है, जिसमें लिखा गया है कि भेज रहे हैं, स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को, 25 मई भूल न जाना, वोट डालने आने को इतना ही नहीं, निमंत्रण पत्र में मतदाताओं के नाम संदेश भी दिया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार लोकसभा चुनाव-2024 के मंगल उत्सव की पावन बेला पर मतदान करने हेतु आप तय दिवस व समय पर सपरिवार सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम स्थल आपका मतदान केंद्र है। उन्होंने बताया कि मतदान 25 मई को प्रात: 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा।

# भाकली मोड़ के आसपास की गलियों में बह रहा गंदा पानी

**गंदे पानी की निकासी न होने से नारकीय जीवन जीने को मजबूर लोग।**

**जमीन उपलब्ध न होने की बात कह सरपंच ने झाड़ा पल्ला।**



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** कोसली उपमंडल में भाकली मोड़ के आसपास की गलियों में रहने वाले लोग गंदे पानी की निकासी न होने से नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। नालियों में गंदा पानी भरा खड़ा रहता है जिसके कारण इसमें बदबू आने लगती है साथ ही इसमें मच्छर भी पैदा हो जाते हैं जिससे स्वास्थ्य को बहुत भारी खतरा महसूस होता रहता है। भाकली मोड निवासी विपिन, अंकित, अनिल कुमार, हिमांशु, सुरेंद्र, सतीश कुमार, प्रदीप, रविंदर, अभिषेक, रमेश, करतार, पुष्पा देवी, श्रवण कुमार, उत्तम प्रकाश, अशोक एवं सुनीता ने बताया कि यह समस्या भाकली एक और भाकली दो की पंचायत अलग-अलग होने से उत्पन्न हुई है। पहले इन नालियों का पानी भाकली स्थित जोहड़ में चला जाता था। जब से पंचायत अलग हुई इन नालियों को सीवर लाइन से जोड़ दिया गया था। हाल ही में कुछ गलियों की नालियों को जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा यह कहते हुए काट दिया गया कि इससे सीवरेज ब्लॉक होने की स्थित उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सीवरों को तो ब्लॉक होने से बचा लिया परंतु लोगों को बदबू एवं मच्छरों में मरने के लिए छोड़ दिया है। नागरिकों का कहना है कि उन्होंने भाकली दो सरपंच से भी इस बारे में बात की। उनका कहना है कि उनके पास पंचायती जमीन नहीं है जिसमें इस पानी की निकासी की जा सके। परेशान होकर लोगों ने उपमंडल अधिकारी कोसली को इस बाबत लिखित शिकायत देकर समाधान करवाने की अपील की है। साथ ही निवेदन किया है कि जब तक कोई स्थाई समाधान न हो जाए, तब तक नालियों को सीवर लाइन से जाली लगाकर जोड़ दिया जाए ताकि सीवर भी ब्लॉक न हों तथा नागरिकों को भी परेशानी न उठानी पड़े। लोगों ने कीटनाशक का छिड़काव भी समय समय पर करवाने की मांग की है ताकि मच्छरों से निजात पाई जा सके। ये कार्य जितना जल्दी हो सके उतना ही ठीक है क्योंकि बरसात के आने वाले समय में समस्या ओर बढ़ जाएगी। इस बाबत सरपंच प्रतिनिधि विजय पूनिया ने बताया कि भाकली दो पंचायत के पास जमीन नही है। उन्होंने इस बाबत उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया हुआ है। उधर जन स्वास्थ्य विभाग के जेई नीरज ने माना कि नागरिकों की समस्या उचित है किंतु वो मजबूर हैं। क्योंकि खुली नालियों को जोड़ने से शिविर लाइन ब्लॉक के साथ साथ वांछित वेस्ट लाइन में नही जा पाता जिससे एनजीटी उन पर ही मुकदमा दर्ज कर देती है। उन्होंने पंचायत से अनुरोध किया है कि नालियों में जाली लगाकर केवल उन्हें गन्दा पानी सीवर के लिए मिले तो उन्हे कोई आपतति नहीं। नालियों की निरंतर सफाई होती रहनी चाहिए। साथ ही उन्होंने जनता से निवेदन किया है कि लोग को शिविर लाइन के कनेक्शन लेने चाहिएं ताकि उनका गंदा पानी एवम टॉयलेट वेस्ट बिना कचरे के शिविर में जा सके। ग्राम पंचायत एवम विभाग की मजबूरियों के चलते लोगों को जीना दुभर है। देखना होगा कि कौन इन लोगों का तरण हार बनता है।

# लोकसभा की 6 सीटों पर लड़ेगी एसयूसीआई कम्युनिस्ट पार्टी : एडवोकेट राजेन्द्र सिंह

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया कम्युनिस्ट पार्टी हरियाणा की 10 में से 6 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। इस आशय की जानकारी देते हुए पार्टी के राज्य सचिव कॉमरेड राजेन्द्र सिंह एडवोकेट ने बताया कि कुरुक्षेत्र से ओमप्रकाश शास्त्री, हिसार से मास्टर विजेंद्र जीतपुरा, सोनीपत से बलबीर सिंह, रोहतक से जय करण मांडोठी, भिवानी-महेन्द्रगढ़ से रोहतास सैनी, गुड़गांव से सरवन कुमार गुप्ता पार्टी के उम्मीदवार होंगे। एसयूसीआई कम्युनिस्ट ने नामांकन की तारीखों की भी घोषणा की है। 29 अप्रैल को भिवानी-महेन्द्रगढ़ और सोनीपत से, 30 अप्रैल को रोहतक से, 1 मई को गुड़गांव और कुरुक्षेत्र से और 2 मई को हिसार लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। देश में बढ़ती जा रही आर्थिक विषमता और पूंजीवादी शोषण-उत्पीड़न से मुक्ति के लिए जन आंदोलन की विकल्प राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई कम्युनिस्ट गत 76 सालों से संघर्षरत है और इसी उद्देश्य से पूरे देश में 22 राज्यों में 151 लोकसभा सीटों से चुनाव लड़ रही है।

## जिला में 67वीं नेटबॉल-19 राष्ट्रीय विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता का उद्घाटन आज

**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** शिक्षा विभाग हरियाणा के तत्वावधान में जिला खेल विभाग के सहयोग से 19 वर्ष आयु के लडक़ों व लड़कियों की 67वीं नेटबॉल राष्ट्रीय विद्यालय क्रीडा प्रतियोगिता शुक्रवार 26 अप्रैल से मंगलवार 30 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रात: 10 बजे एसडीएम रेवाड़ी विकास यादव द्वारा किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर से लडक़ों व लड़कियों की 20-20 टीम भागीदारी करेंगी। प्रतियोगिता में 500 खिलाडिय़ों के भाग लेने की संभावना है। लड़कियों की प्रतियोगिताएं यदुवंशी शिक्षा निकेतन डोहकी तथा लडक़ों की प्रतियोगिताएं प्रथम इंटरनेशनल स्कूल धामलाका में आयोजित करवाई जाएंगी।

# कनीना मंडी में सरसों तथा गेहूं की खरीद लगातार जारी

**समाचार गेट/सुनील दीक्षित**

**कनीना।** कनीना मंडी में सरसों तथा गेहूं की खरीद लगातार जारी है। स्टेट वेयर हाऊस के खरीद अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कनीना मंडी में 98 हजार बैग गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिसमें से 48 हजार बैग का उठान कर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के महेंद्रगढ गोदाम में रखे गए हैं। उन्होंने कहा कि सरसों की खरीद के लिए रोष्टर सिस्टम लागू किया गया है। जिसके चलते किसान आसानी से सरसों बेच रहे हैं। अब तक 2.52 लाख बैग सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से 1.15 लाख बैग का उठान किया जा चुका है। खरीदी गई सरसों को धारूहेडा,ईसराना, जींद,रोहतक, पानीपत के गोदामों में रखवाई जा रही है। गेहूं का उठान कार्य धीमा होने से प्लेटफॉर्म गेहूं से अटे पडे हैं। मार्केट कमेटी सचिव नकुल यादव ने बताया कि पुरानी मंडी में गेहूं की खरीद की जा रही है वहीं नयी मंडी चेलावास में सरसों की खरीद की जा रही है। मौसम खराबी की संभावना को देखते हुए उठान कार्य में तेजी लाने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि आज 26 अप्रैल को चेलावास,छितरोली, इसराना,भोजावास, कोटिया, करीरा, सिहोर के किसानों की सरसों खरीदी जाएगी। 27 अप्रैल को दोंगडा जाट,दोंगडा अहीर, कनीना,ककराला,गुढा, नोताना व खरकडा बास के किसान सरसों बेच सकेगें।







# आबकारी विभाग ने पकड़ी 8,447 लीटर अवैध शराब, 233 एफआईआर दर्ज

**पकड़ी गई शराब का मूल्य 27 लाख रुपये, चैकिंग के लिए छह स्थानों पर लगाए नाके**

**आदर्श आचार संहिता लगने के बाद 73 लाख रुपये के असेट्स सीज किए गए**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला में अवैध शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। आदर्श आचार संहिता के दौरान किसी भी स्थान पर अवैध रूप से शराब की सप्लाई न हो इसके लिए आबकारी विभाग द्वारा छह स्थानों पर नाके लगाकर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत 8,447 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। पकड़ी गई इस शराब का मूल्य 27 लाख रुपये है। उक्त जानकारी गुरुवार को देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला में अवैध रूप से शराब सप्लाई करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में आबकारी विभाग द्वारा जिला में भाटी माईन मांगर, सूरजकुंड, बदरपुर बार्डर, दुर्गा बिल्डर के सामने, बसंतपुर और छांयसा में छह नाके लगाए गए हैं। इन नाकों पर 8-8 घंटे के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि चैकिंग अभियान के दौरान चैकिंग टीमों द्वारा 8,447 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इस शराब का मूल्य 27 लाख रुपये आंका गया है। वहीं इन मामलों में 233 एफआईआर भी दर्ज की गई हैं।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद जिला में शराब सहित 73 लाख रुपये के असेट्स सीज किए गए हैं। इनमें 21 लाख रुपये की नकदी भी शामिल है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में ही 414 गाडियों की चैकिंग की गई है। वहीं चुनाव के दौरान अवैध शराब पर पाबंदी लगाने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने लघु सचिवालय में आबकारी एवं कराधान विभाग के अधिकारियों व सभी रिटर्निंग अधिकारियों की मीटिंग भी ली। मीटिंग में पुलिस विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए। मीटिंग में उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध शराब ले जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने सभी एडीसी, एसडीएम व सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह भी अपने-अपने क्षेत्रों में चैकिंग अभियान तेज रखें। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा, सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, डीसीपी क्राईम हेमेंदर कुमार मीणा, एसडीएम फरीदाबाद शिखा, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडखल अमित मान, एचएसवीपी के ईओ सिद्धार्थ दहिया, डीईटीसी एक्साईज अनिल यादव सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

# रावत पाल के 12 गांवों ने दिया बसपा प्रत्याशी किशन ठाकुर को समर्थन



**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित प्राचीन सिद्ध बाबा मंदिर पर रावत पाल के 12 गांवों की तरफ से लोकसभा चुनाव के संदर्भ में एक पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में बारह गांवों की समस्या सरदारी, युवा सहित बड़ी संख्या में छत्तीस बिरादरी के लोग उपस्थित रहे। पंचायत में समस्त सरदारी ने सर्वप्रथम फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र से किशन ठाकुर को बहुजन समाज पार्टी का उम्मीदवार चुने जाने पर बसपा सुप्रीमो मायावती का आभार जताया और किशन ठाकुर को सम्मान रुपी पगड़ी बांधकर उन्हें विजयी बनाने का आर्शीवाद दिया। पंचायत में लोगों ने किशन ठाकुर को तन-मन-धन से समर्थन देने का भी आह्वान किया।

श्री ठाकुर का समर्थन करते हुए बुजुर्गों ने कहा किशन ठाकुर जी पिछले 40 वर्षों से सक्रिय राजनीति में रहकर लोगों सेवा कर रहे हैं और 36 बिरादरी के लोगों के साथ उनका लगाव रहा है। उन्होंने हमेशा गरीब मजदूर किसान नौजवान की आवाज को बुलंद किया है और श्री ठाकुर एक किसान परिवार से संबंध रखने के बावजूद हमेशा सर्व समाज का सम्मान किया है।

इस मौके पर किशन ठाकुर ने पंचायत में आए हुए सभी सम्मानित बुजुर्गों, नौजवान सहित समाज की छत्तीस बिरादरी का आभार जताते हुए कहा कि जो मान सम्मान उन्हें दिया गया है, उसके लिए वह हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशक से वह और उनका परिवार लोगों की सेवा में समर्पित भावना से कार्य कर रहा है, उनके दुख-सुख में भागेदारी निभा रहा है और आज बसपा पार्टी ने उन्हें उम्मीदवार के तौर पर चुनावी मैदान में उतारा है और इस चुनावी रण को वह जनता के प्यार व आर्शीवाद से ही जीत पाएंगे। उन्होंने कहा कि वह एक ऐसा फरीदाबाद बनाना चाहते है, जो लोगों को रोजगार मिले, जिले का विकास हो और लोगों को बिजली, पानी, सडक़ें व सीवरेज जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि आज मेरे सर पर आपने जो सम्मान रुपी पगड़ी बांधी है, इसकी मैं लाज रखूंगा आपके द्वारा दी गई ताकत और विश्वास को कभी कमजोर होने नहीं दूंगा। मेरे पूजनीय पिताजी स्वर्गीय ठाकुर लीला सिंह पहलवान भूतपूर्व भारत केसरी रहे थे उन्होंने किसान परिवार से संबंध रखने के बावजूद भी 36 बिरादरी की सेवा की और इलाके के बहुत ही वरिष्ठ लोगों में उनकी पहचान थी उन्होंने हमेशा कमजोर गरीब मजदूर आम लोगों की सहायता करते हुए समाज सेवा की और उसी कड़ी में मैं भी अपने बुजुर्गों के बताए हुए रास्ते पर चलकर सेवा कर रहा हूं और आगे भी करता रहूंगा।

# स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही है प्रशासन का दायित्व : विक्रम सिंह



**फरीदाबाद में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट अलोटमेंट की रैंडमाइजेशन प्रक्रिया का हुआ पहला चरण**

**सॉफ्टवेयर द्वारा संपन्न की गयी पहले चरण की प्रक्रिया**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रसाशन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज गुरुवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में फरीदाबाद में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट अलोटमेंट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण सम्पन्न हुआ। बैठक में सभी सहायक रिटर्निगं अधिकारी और राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में यह पहले चरण की प्रक्रिया आयोजित की गयी।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा की यह जिला फरीदाबाद में लोकसभा क्षेत्र के लिए बेलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट के आवंटन के लिए पहले चरण का रैंडमाइजेशन किया गया है। भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार रैंडमाइजेशन का उद्देश्य बिना किसी हस्तक्षेप के स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना है। क्योंकि इस उद्देश्य के लिए समर्पित सॉफ्टवेयर द्वारा रैंडमाइजेशन किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि रैंडमाइजेशन के बाद ईवीएम को संबंधित निर्वाचन क्षेत्र के समर्पित स्ट्रांग रूम में स्थानांतरित कर दिया जाएगा, जहां उन्हें कड़ी सुरक्षा के तहत रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर ईवीएम के आवंटन के लिए रेंडमाइजेशन आगामी चरणों में किया जाएगा। प्रशासन के आदेशानुसार जिला मे लगभग 10 हज़ार लोगो का स्टाफ ड्यूटी देगा। रैंडमाइजेशन से पहले जिला सूचना एवं प्रद्योगिकी अधिकारी/ डीईओ एलएम मित्तल ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को रैंडमाइजेकशन प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें आश्वासन दिया गया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

बैठक में एसडीएम फरीदाबाद सिखा अंतिल, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम बडख़ल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष राजजुमार वोहरा, सीपीएम पार्टी से वीरेंदर सिंह डंगवाल, आईएनएलडी पार्टी से आरअस रौतेला, जेजेपी पार्टी से प्रेम सिंह धनखड़ सहित इलेक्शन विभाग के तहसीलदार जय किशन, इलेक्शन प्रोग्रामर हरमीत तथा अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# मताधिकार का उपयोग बिना किसी भय, दबाव, या प्रलोभन के करें : कुलदीप सिंह

**पुलिस ने मतदान जागरुकता स्लोगन के साथ निकाला पैदल मार्च**




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा निर्देश के तहत चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस द्वारा आईटीबीपी के साथ मिलकर डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को एनआईटी जोन में फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए जागरूक किया। इस फ्लैग मार्च में एसीपी मुजेसर महेश श्योराण, आईटीबीपी के पुलिसकर्मी भारी संख्या में मौजूद रहे। फ्लैग मार्च चिमनी बाई चौक फ्लैग मार्च का काफिला सहायक पुलिस आयुक्त मुजेसर फरीदाबाद कि निगरानी में थाना एसजीएम नगर से चलकर 4/5 का चौक मुल्ला होटल, मेहता स्वीटस से पैदल मार्च, बांध रोड़ फुट रोड, नूरानी मस्जिद सरकारी स्कूल के सामने से होकर लेबर चौक से पैदल - सैक्टर 48 बडख़ल रेड लाईट रशिदिया मस्जिद अनखीर गांव से मैन रोड़ अनखीर से गाड़ी में सवार होकर वापिस अनंगपुर चौक, सूरजकुण्ड थाना दयाल बाग लक्कड़पुर गांव फाटक ग्रीन फिल्ड कालोनी चौकी के सामने से 22 फुट रोड़ 33 कुम्हार वाली गली बडख़ल गेट से सेक्टर-45, सेक्टर-46, मेवला महाराजपुर से पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने सम्पन्न हुआ। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों को जागरूक करते हुए जागरूकता स्लोगन के साथ पैदल मार्च निकाल कर इस चुनाव में आप अपने मताधिकार को स्वतंत्र, निष्पक्ष एव शांतिपूर्ण तरिके से प्रयोग करे। उन्होंने बताया कि चुनाव में हमारा मताधिकार से चुने गए प्रतिनिधि द्वारा देश व राज्य में सरकार चुनी जाती है। जो हमारे विकास के लिए कार्य करती है।फ्लैग मार्च के दौरान आमजन को जागरूक किया गया। चुनाव में शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस का सहयोग करें। चुनाव के दौरान नशा तस्करों पर विशेष ध्यान रखें और किसी भी प्रकार के अपराध की जानकारी होने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को देकर पुलिस प्रशासन के कार्यों में मदद करने के लिए प्रेरित किया है।

# शनिवार व रविवार को ड्यूटी लगाने के विरोध में किया प्रदर्शन




**समाचार गेट ब्यूरो**

**फरीदाबाद।** आज नगर निगम मुख्यालय पर म्यूनिसिपल कारपोरेशन फैडरेशन के आह्वान पर टैक्स ब्रांच के पांचों जोनों की डयूटी शनिवार और रविवार को सिटीजन के संपतति कर की स्वयं सत्यापन करने के लिए लगाई गई डयूटी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व फैडरेशन के प्रधान रमेश कुमार जागलान और मंच का संचालन कर्मचंद बघेल ने किया। आज के प्रदर्शन में अन्य विभाग के कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रधान ने बताया कि 12.4.2024 को दिए गए ज्ञापन पर नगर निगम प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी। परन्तु आज के प्रदर्शन को देखते हुए आयुक्त महोदया ने संज्ञान लिया और अतिरिक्त आयुक्त को आदेश दिए कि नगर निगम प्रतिनिधियों को बुलाकर बातचीत कर समस्या का हल निकाला जाए। प्रधान रमेश कुमार जागलान के नेतृत्व में 11 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने अतिरिक्त आयुक्त से बातचीत की और उन्हें कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर अतिरिक्त आयुक्त के साथ स्थापना अधिकारी श्रृष्टि बब्बर, अधीक्षण अभियन्ता ओमबीर, लेखा शाखा अधिकारी भी उपस्थित थे। अतिरिक्त आयुक्त ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि आपकी समस्याएं जायज है और उन्होंने कहा कि रविवार को कोई कैम्प नहीं लगेगा, शनिवार को कैम्प लगेगा। शनिवार को लगने वाले कैम्प के बदले कर्मचारियों को कम्पलीसेन्टरी ऑफ दिया जाएगा। सभी कर्मचारियों के आई0डी0 कार्ड शीघ्र बनाए जाएंगे जिससे उन्हें डोर-टू-डोर सर्वे करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कर्मचारियों को पूरी तरह से सुरक्षा भी मुहैया कराई जाएगी। प्रधान रमेश जागलान और प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की समस्याओं का निवारण हो जाने पर आयुक्त महोदया एवं अतिरिक्त आयुक्त महोदय का धन्यवाद किया। आज के प्रदर्शन में फेडरेशन के वरिष्ठ उपप्रधान शाबिर खान, कार्यालय प्रधान नरेश बैंसला, वरिष्ठ उपप्रधान देवेन्द्र पहलवान, महासचिव दशरथ, मैकेनिकल वर्कर यूनियन के प्रधान अतर सिंह भडाना, महासचिव प्रमोद रोहिल्ला, उद्यान विभाग के प्रधान सुरजीत नागर, महासचिव तेजपाल चैधरी, शशि अद्याना, रामकिशन बघेल, विजय गौड, महेन्द्र डागर, सहित कई अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ की पहली बैठक में कई एजेंडों पर हुई अहम चर्चा



**बैठक जिला संयोजक रोशनलाल मंगला के नेतृत्व में हुई**

**जिला अध्यक्ष कमल यादव, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल का मिला मार्गदर्शन**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय गुरुकमल में व्यापार प्रकोष्ठ की जिला कार्यकारिणी की पहली बैठक जिला संयोजक रोशनलाल मंगला के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष कमल यादव का मार्गदर्शन मिला। व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने भी बैठक में अपने विचार रखे।

इस बैठक में व्यापार प्रकोष्ठ कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व सदस्यों का आपसी परिचय हुआ। इसके बाद बैठक के एजेंडे पर चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि लोकसभा चुनावों का प्रचार जारी है। हमें प्रचार में किसी तरह की कोई कमी नहीं छोडनी। गुरुग्राम लोकसभा से प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की जीत का आंकड़ा बढ़ाने के लिए सभी कार्यकर्ता मजबूती से काम करें।

व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा हरियाणा के प्रदेश संयोजक नवीन गोयल ने बैठक में अपने विचार रखते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में जो विकास के आयाम स्थापित किए हैं, वे मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। देश से भय, भूख, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने का काम उन्होंने किया है। विदेशों में भारत की साख बढ़ाई है। हमें मिल-जुलकर भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार देश में सरकार बनाने के लिए जी-जान से जुटकर काम करना है। इसमें कोई दोराय नहीं कि तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे।

जिला संयोजक रोशनलाल मंगला ने प्रस्ताव रखा कि शुक्रवार 26 अप्रैल को भीम नगर रामलीला मैदान में गुरुग्राम लोकसभा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह के लिए चुनावी रैली आयोजित की जा रही है। इस रैली में पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल से प्रत्याशी मनोहर लाल संबोधित करेंगे। आगामी 28 अप्रैल को रोहतक में मंगल कमल कार्यालय में व्यापार प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की बैठक होगी। इस बैठक में शत-प्रतिशत हाजिरी हो, ऐसे प्रयास हमें करने हैं। व्यापार प्रकोष्ठ का सोशल मीडिया पेज बनाकर उस पर संगठन से जुड़ी विषयों को लगातार अपडेट करना है। चुनावी समर चल रहा है। ऐसे में हमें विपक्ष के सवालों का करार जवाब देना है। भाजपा की योजनाओं को बढ़-चढक़र प्रचारित, प्रसारित करना है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए अधिकारियों से पत्राचार व मिलने के कार्यक्रम होंगे। पार्टी के आगामी कार्यक्रमों के बारे में लगातार अपेडट करना है, ताकि कार्यकर्ता साथी लगातार सक्रियता से काम करते रहें। उन्होंने विश्वास जताया कि जिला गुरुग्राम व्यापार प्रकोष्ठ सभी प्रकोष्ठों-विभागों में सबसे अच्छा कार्य करेगा। पूरे हरियाणा के 22 जिलों में सबसे सक्रिय रूप से भाग लेगा।

# ग्रामीण व पूर्व मंत्री ने कसौला में शहीद जयवीर को किया नमन

## इलाके को शहीद जयवीर की शहादत पर गर्व : डा. रंगा



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** गांव कसौला के वीर सपूत जिन्होंने सीआरपीएफ में अधिकारी के रूप में रहकर 17 जुलाई 2022 को उग्रवादियों से जूझते हुए शहादत दी। देश की आजादी को बरकार रखने में सीआरपीएफ, बीएसएफ या सेना के प्रत्येक जवानों को श्रेय जाता है। देश के इतिहास में जब भी कोई युद्ध हुआ शहादत देने वालों की संख्या दक्षिण हरियाणा से सबसे अधिक रही। इस वीर भूमि में कसौला गांव के प्यारे लाल व चंदरों देवी के पुत्र जयवीर ने फोर्स में अधिकारी के रूप में सेवा दी व सेवा के दौरान शहादत देकर जान की कुर्बानी दी। ऐसे वीर नायकों से आने वाली युवा पीढी को प्रेरणा लेनी चाहिए। राष्ट्र भक्ति की भावना से ओतप्रोत होना चाहिए। उक्त विचार हरियाणा के पूर्व मंत्री डॉ एमएल रंगा ने शहीद जयवीर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए व्यक्त किए। वीरवार को कसौला गांव में शहीद जयवीर की स्मृति में एक भव्य प्रतिमा की स्थापना की गई जिसका अनावरण हरियाणा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डा. एमएल रंगा व गांव के सरपंच धारा सिंह, परिवार के परिजनों के साथ किया। इस अवसर पर पंडित जी ने मंत्र उच्चारण के द्वारा फूल माला पहना कर मूर्ति का अनावरण करवाया। इलाके के सैंकड़ों महिला व पुरूषों ने जयवीर अमर रहे, भारत माता की जय के नारे लगाये और शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर धारा सिंह, महेंद्र पंच, मंजीत, ललित, महावीर, रतिराम, दुलीचंद, शीश राम, रामचंद्र, राकेश एडवोकेट, सतीष, महेंद्र सिंह, धर्मवीर, दिनेश आदि मौजूद रहे।

# रेवाड़ी शहर में प्रतिदिन पीने के पानी की सप्लाई करने हेतु मुख्यमंत्री को भेजा मांग पत्र

## कांग्रेस व भाजपा सरकार में हालात वहीं के वहीं



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** शहर में हमेशा ही पानी की किल्लत रही है विशेषकर गर्मियों में। पहले कांग्रेस, हरियाणा विकास पार्टी व चौटाला की इनेलों सरकार में भी यही हालत थे कि पानी की राशनिंग की जाती थी और आज भी वही हालात हैं। सरकारें बदली मगर हालात वही के वही। वीरवार को रेवाड़ी शहर के दर्जनों नागरिकों ने रेवाड़ी शहर में पीने के पानी की सप्लाई को रोजाना करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी को भाजपा नेता डॉ. सतीश खोला के माध्यम से मांग पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि शहर में पीने के पानी की सप्लाई एक दिन छोड़ दूसरे दिन आती है गर्मी का समय हो गया है रेवाड़ी बड़ा शहर है आबादी भी काफी बढ़ गई है आसपास के गांव के लोग भी शहर में आकर बस गए हैं जिससे जनसंख्या काफी हो गई है, इसलिए पीने के पानी की सप्लाई में दिक्कत आ रही है । जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीने के पानी की सप्लाई एक दिन छोड़ एक दिन दी जा रही है इसलिए इस सप्लाई को रोजाना किया जाए ताकि गर्मी के समय में नागरिकों को परेशानी का सामना ना करना पड़े। डॉ.सतीश खोला ने कहा कि नागरिकों की मांग जन हितैषी हैं, इसके लिए जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ.बनवारी लाल तथा डॉ अभय सिंह यादव सिंचाई मंत्री से बात की गई है और मुख्यमंत्री को ज्ञापन की मेल भी भेजी हैं। ज्ञापन पर नरेश कुमार, जगदीश प्रसाद, विष्णु शर्मा, विनय कुमार, भरत सिंह, संदीप, ओमप्रकाश, देवेंद्र, सुरेश, सीमा रानी, मामचंद, कर्मवीर, गजेंद्र, नमीता, कमला, सुरेंद्र, जयपाल, सुजान सिंह समेत दर्जनों ने हस्ताक्षर किए हैं।

# रेवाड़ी जिले के 222 शिक्षक बने कर्मयोगी




**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** मिशन कर्मयोगी हरियाणा सरकार द्वारा राज्य सरकार के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के व्यवहार में परिवर्तन करने के उद्देश्य से गत वर्ष शुरू की गई एक पहल है। इस प्रशिक्षण में जिले के शेष रहे 222 अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्राचार्य सुभाष चंद्र ने तेजी से विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए समापनीय संबोधन में कहा कि मिशन कर्मयोगी योजना का लक्ष्य भविष्य के लिए लोकसेवकों को अधिक रचनात्मक, कल्पनाशील, सक्रिय, पेशेवर, प्रगतिशील, ऊर्जावान, सक्षम, पारदर्शी और प्रौद्योगिकी सक्षम बनाकर तैयार करना है। कर्मचारी ड्यूटी के प्रति जवाबदेही , ईमानदारी व नैतिक मूल्यों के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वाह करें। ट्रेनिंग विंग के प्रभारी वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ बीर सिंह ने बताया कि गत वर्ष से चल रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में किसी कारण वश जिले के विभिन्न विभागों के कुछ अधिकारी व कर्मचारी प्रशिक्षण में भाग नहीं ले पाए थे उनके प्रशिक्षण की जिम्मेदारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर रेवाड़ी को दी गई थी। हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान ( हिपा) गुरुग्राम से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स प्राध्यापक सतपाल , अशोक यादव, डॉ जगदीश प्रसाद व डॉ नरेन पाल द्वारा 15 अप्रैल से चल रहे इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के शेष रहे 222 अधिकारी व कर्मचारियों को यह प्रशिक्षण दिया। डाइट रेवाड़ी द्वारा मिशन कर्मयोगी के तहत जिले के सभी खंडों से 124 बैचो में 4430 शिक्षा विभाग के सभी वर्ग के अधिकारियों व कर्मचारियों को ट्रेनिंग पहले ही दी गई जा चुकी है। प्रशिक्षण को सफल बनाने के लिए वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ विजय सिंह, मंजू बाला, प्राध्यापक दीपक कुमार, हवा सिंह, धर्मेंद्र यादव, संगीता, रितु, सुरेंद्र कुमार, लिपिकीय वर्ग से संजीव, यशपाल, राज सिंह, दीपेंद्र आदि कर्मचारियों ने अपना पूर्ण योगदान दिया।

# लोकसभा चुनाव के मद्देनजर डीएसपी ट्रैफिक ने थाना रामपुरा में क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों के साथ बैठक



**समाचार गेट/निकिता माधोगड़िया**

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर लगातार मौजीज व्यक्तियों तथा आमजन के साथ समन्वय स्थापित कर रही है ताकि चुनाव निर्विघ्न संपन्न कराए जा सके। इसी कड़ी में बुधवार को डीएसपी ट्रैफिक रेवाड़ी श्री आशीष चौधरी तथा प्रबंधक थाना रामपुरा निरीक्षक मुकेश कुमार ने थाना रामपुरा में क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों व सरपंचों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान डीएसपी आशीष चौधरी ने क्षेत्र के मौजिज व्यक्तियों व सरपंचों को गांव में आपसी सामाजिक भाईचारा एवं शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने लाइसेंसी हथियार धारकों से उन्हें चुनाव परिणाम आने तक थाने में जमा कराने, गांव में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए ठीकरी पहरा आदि की मुनादी कराने को भी कहा।

उन्होंने बताया कि संवेदनशील अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात की जाएगी, ताकि माहौल खराब ना हो। उन्होंने लोगों से अपील की, कि इस दौरान अगर गांव या कस्बे में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक महोदय के कुशल नेतृत्व में जिला पुलिस किसी भी विकट परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सक्षम है। रेवाड़ी पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। आप निर्भीक होकर मतदान करें।

उन्होंने कहा कि नौजवानों में बढ़ रहा नशे का रुझान चिंता का विषय है, इसकी रोकथाम के लिए अभिभावकों को अपने बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न गांवों में एसपीओ नियुक्त कर खेल प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि गांव में नशीले पदार्थों बेचने वालों, तस्करी करने वालों की सूचना पुलिस को प्रदान करें ताकि समाज से नशा के अभिशाप को खत्म किया जा सके। शरारती असामाजिक तत्वों द्वारा शांति भंग करने की कोशिश करने अथवा किसी तरह की अफवाह फैलाने की सूचना तुरंत पुलिस को दे, ताकि उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

# बादली हलके की जनसभा 27 को, सीएम सैनी करेंगे संबोधित : धनखड़

**बादली बस स्टैंड पर सुबह दस बजे होगी जनसभा, हल्का वासियों को दिया सीएम की जनसभा का न्यौता**

**विरासत कर से कांग्रेस का असली चेहरा एक बार फिर हुआ बेनकाब- बोले धनखड़**

**कांग्रेस को देश, श्रीराम, सीएए, समान नागरिक संहिता से नफरत क्यों**

**भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने बादली में किया पत्रकार सम्मेलन को संबोधित**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 25 अप्रैल।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने वीरवार को बादली में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि बादली विधानसभा क्षेत्र की जनसभा 27 अप्रैल को सुबह दस बजे बादली बस स्टैंड पर आयोजित होगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बादली में हल्का स्तरीय जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि हरियाणा का मुख्यमंत्री बनने उपरांत नायब सिंह सैनी हर विधानसभा में जनसभा कर रहे हैं। बहादुरगढ़ में हो चुकी है,26 अप्रैल को झज्जर में और 27 अप्रैल को बादली में हो रही है। बादली हलके की जनसभा के लिए टीम बादली द्वारा समस्त हल्का वासियों को न्यौता दिया जा रहा है।

राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस द्वारा विरासत कर का विषय उठाना ,संसाधनों का पुनर्वितरण, सीएए का विरोध, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा धर्म के आधार पर एक समुदाय को आरक्षण, श्री राम के अस्तित्व को नकारा, समान नागरिक संहिता का विरोध, धारा 370 पर पुनर्विचार, बहुसंख्यकवाद विरोधी विचारधारा ऐसे विषय हैं जो कांग्रेस के चेहरे को एक बार फिर बेनकाब कर रहे हैं कि कांग्रेस देश और देशवासियों की विरोधी है। कांग्रेस केवल तुष्टिकरण की राजनीति करती है।

पूर्व कृषि मंत्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के नेता देश की संपति का एक्स रे करने की बात करते हैं । इनकी विचारधारा ही ऐसी है, उन्होंने जबरदस्ती देशभर में आपातकाल लागू कर आम आदमी के मौलिक अधिकार छीने, जबरदस्ती लोगों की नसबंदी की थी। प्रेस पर पाबंदी लगा दी थी, विपक्षी नेताओं को जेलों में डाल दिया था। इनके नेता राहुल गांधी अब आमजन द्वारा मेहनत से कमाए गए धन को विरासत कर लागू कर जबरदस्ती लूटना चाहते हैं।

पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि बादली हलके में 2014 से पहले क्या था, सभी को पता है, एक एफिडेविट बनवाने के लिए झज्जर या बहादुरगढ़ जाना पड़ता था। अब बादली में एसडीएम, तहसीलदार, बीडीपीओ, डीएसपी स्तर के अधिकारी बैठते हैं और आमजन के काम यहीं होते हैं। हलके में आकर घडियाली आंसू बहाने वालों ने केवल बादली हलके का नुकसान किया है। आसूं बहाने वाले अपने दस साल के राज में सांपला में भी एसडीएम नहीं बैठा पाए, वहां भी हमारी सरकार ने मेरी अनुशंसा पर सांपला में एसडीएम बैठाया। हमारी सरकार ने केएमपी चालू करवाया, एनसीआई एम्स बाढ़सा का भूमि पूजन कराकर रिकॉर्ड 28 महीने में पूरा करवाया। कुलाना महिला कॉलेज और माछरौली में बीडीपीओ बैठाया। भाजपा की राजनीति सबको साथ लेकर काम करने की है और कांग्रेस की नीति लोगों को आपस में लड़ाकर और बहकाकर जनादेश को लूटने की है। इस अवसर आनंद सागर, डॉ दिनेश घिलोड, डीपी कौशिक, हलके के मंडल अध्यक्ष व प्रभारी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने जनसभा स्थल का जायजा भी लिया और टीम बादली को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सुमन यादव की सफलता से प्रेरणा लें प्रदेश की बेटियां : राव नरबीर



**170वीं रैंक से यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली सुमन यादव ने पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह से की मुलाकात**

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** देश की प्रतिष्ठित और कठिन परीक्षाओं में शामिल यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा-2023 में ऑल इंडिया में 170वीं रैंक हासिल करने वाली बादशाहपुर क्षेत्र के गांव सराय अलावर्दी की सुमन यादव पुत्री बलवान यादव ने गुरुवार को गुरूग्राम के सिविल लाइंस स्थित वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह के कार्यालय पहुंचकर पूर्व मंत्री से मुलाकात की। पूर्व मंत्री ने सुमन यादव का फूलों का बुक्का भेंट कर स्वागत किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस मौके पर पूर्व मंत्री राव नरबीर ने कहा कि क्षेत्र की इस बेटी ने प्रतिष्ठित यूपीएससी की परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर 170वीं रैंक हासिल कर अपने परिवारजनों व क्षेत्र के साथ-साथ हम सभी को गौरवान्वित किया है। सुमन यादव की सफलता से हरियाणा की सभी बेटियों को प्रेरणा लनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बेहतरीन सफलता से न केवल सुमन यादव के परिवार का मान बढ़ा है, अपितु पूरे गुरूग्राम जिले का और उनके गांव का नाम भी रोशन हुआ है। राव नरबीर सिंह ने सुमन यादव को हमेशा ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के पथ पर चलने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में वह पूरी ईमानदारी व मेहनत से कार्य करते हुए देश व जनसेवा करने में कोई कसर नहीं छोड़े। उन्होंने सुमन यादव के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

इस मौके पर रवि सरपंच, प्रीतम सरपंच, पहलाद चेयरमैन, रमेश नंबरदार, नीरज, अरूण, संजय, ईश्वर यादव, मीर सिंह, नरेन्द्र, जोगिन्द्र, राजन के अलावा अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आप प्रत्याशी सुशील गुप्ता हैं हरियाणा के लाल... फिर बड़ा सवाल, एसवाईएल पर मौन क्यों?

**क्या सुशील गुप्ता निजी ख्वाहिशें पूरा करने के लिए ही बने इंडिया गठबंधन का हिस्सा?**

**प्रदेश अध्यक्ष प्रभारी और स्वयं की ही उम्मीदवारी, की कोई रायशुमारी या स्वयं का लिख नाम करली तैयारी?**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** पंजाब में आप पार्टी की लहर देख लालायित हुए पूर्व राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने आप पार्टी की टिकेट पर लिख लिया अपना ही नाम, कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट पर अपनी दावेदारी जता रहे आप नेताओं को समझ ही नहीं आया कि उनके साथ यह क्या हुआ अलैदा बात है कि हार-जीत किसकी होगी परन्तु वन मैन शो दिखा गए सुशील गुप्ता, न कोई सलाह न कोई मशविरा किया, यहां तक कि कार्यकर्ताओं को खबर भी मीडिया से ज्ञात हुई कि पार्टी केवल एक सीट पर ही मान गई है और उसपर खुद का आधिपत्य स्थापित कर बैठ गए प्रदेश अध्यक्ष, वैसे भी उन्हें ऐसा करने से रोकने वाला कौन था 'घर की बही और काका लिखनिया अर्थात पार्टी प्रमुख का सजातीय होना भी तो लाभप्रद साबित हुआ, हरियाणा के प्रदेश प्रभारी व अध्यक्ष पद इन्हीं के पास तो रहा है !

संक्षिप्त में कहें तो अथाह धन सागर था ही, टिकेट खुद के हाथों में थी , वर्करों की फ़ौज साथ ली और कोंग्रेस के विरोध से बचते हुए इंडिया गठबंधन से सिर्फ अपने लिए समझौता कर रास्ता साफ कर गए बड़ी चालाकी से !

रही बात कोंग्रेस की तो वह भी अन्य सीटों पर ध्यान लगाए हुए है जिस प्रकार आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने सिर्फ कुरुक्षेत्र में डेरा डाला हुआ है !

छन-छनकर आ रही सूचनाएं इशारा कर रही हैं कि गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, कारण है आप कार्यकर्ताओं की चिंता वो यह कि लोकसभा की तर्ज पर विधानसभा में भी कुछ ऐसा ही निर्णय लिया गया तो वह क्यों न निर्दलीय उम्मीदवारी पेश करें, इसी कारण अनेकों आप नेता पार्टी को बाय बाय कर चुके हैं विशेषकर दलित ओबीसी नेता, कमोवेश ऐसी ही प्रतिक्रियाएं कांग्रेसियों की भी आ रही हैं अर्थता वह भी दूरी बनाने लगे हैं ऐसे में सवाल है के सुशील गुप्ता का चुनाव खटाई में तो नहीं पड़ जाएगा ?

चर्चाओं में एसवाईएल हरियाणा का प्रमुख मुद्दा है, पानी पंजाब से आना है और वहां आप पार्टी की ही सरकार है किंतु इस मुद्दे पर लगता है उन्हें भय सता रहा है कि कहीं यह बड़ा मुद्दा न बन जाए इसलिए लगातार मौन साधे हुए हैं सुशील गुप्ता?


समाचार गेट
TITLE CODE : HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# हरियाणा विधानसभा द्वारा गठित तथ्य-जांच समिति में प्रदेश सरकार के दो मंत्री शामिल

**शिक्षा राज्यमंत्री सीमा त्रिखा चेयरपर्सन जबकि परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल सदस्य**

**विधानसभा प्रक्रिया नियमावली अनुसार केवल कार्य सलाहकार समिति और सेलेक्ट कमेटी में ही मंत्री हो सकते हैं शामिल : एडवोकेट**




Haryana Government Gazette
EXTRAORDINARY
Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 63-2024/Ext.] CHANDIGARH, TUESDAY, APRIL 23, 2024 (VAISAKHA 3, 1946 SAKA)

HARYANA VIDHAN SABHA SECRETARIAT

Notification

The 23rd April, 2024

No. HVS-LA-145/2023/23.— Consequent upon demitting the charge of School Education Minister by Shri Kanwar Pal, the Fact-Finding Committee of the Haryana Vidhan Sabha to investigate the matter of sexual harassment by the then Principal (Mr. Kartar Singh) of Government Girls Senior Secondary School, Uchana Mandi (Jind) for the period from 2005 to 2023 of all incidents mentioned/discussed in the House in its sittings on 15.12.2023 and 18.12.2023, is hereby re-constituted comprising of the following Chairman/Members:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Smt. Seema Trikha, Hon'ble Minister of State for School Education (Independent Charge) | Chairman |
| 2. | Sh. Aseem Goel, Hon'ble Minister of State for Transport | Member |
| 3. | Sh. Bharat Bhushan Batra, MLA | Member |
| 4. | Sh. Amarjeet Dhanda, MLA | Member |
| 5. | Advocate General, Haryana | Special Invitee |

BY ORDER OF THE HON'BLE SPEAKER

Chandigarh:
The 23rd April, 2024.

DR. SATISH KUMAR,
SECRETARY.

11053—C.S.—H.G.P., Pkl.

(1269)

**समाचार गेट ब्यूरो**

**चंडीगढ़।** मंगलवार 23 अप्रैल को हरियाणा विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रदेश सरकार के गजट में प्रकाशित एक अधिसूचना मार्फ़त विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) के आदेशनुसार गत वर्ष 22 दिसम्बर को गठित एक तथ्य-जांच समिति (फैक्ट फाइंडिंग कमेटी) में प्रदेश की नायब सिंह सैनी सरकार के दो राज्यमंत्रियों को शामिल किया गया है जिसमें शिक्षा राज्यमंत्री सीमा त्रिखा चेयरपर्सन जबकि परिवहन राज्यमंत्री असीम गोयल नन्योला को सदस्य नामित किया गया है जिस पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं.

ज्ञात रहे कि हरियाणा विधानसभा के गत वर्ष दिसम्बर, 2023 के शीतकालीन सत्र दौरान सदन में जींद जिले के उचाना मंडी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के तत्कालीन प्रिंसिपल करतार सिंह द्वारा वर्ष 2005 से 2023 के मध्य कई स्कूली छात्राओं से तथाकथित यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर, जिस पर सदन में 15 दिसम्बर और 18 दिसम्बर पर चर्चा की गयी, के विषय पर स्पीकर द्वारा तत्कालीन स्कूल शिक्षा मंत्री कँवर पाल की अध्यक्षता में एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी का गठन किया गया था जिसमें उनके अतिरिक्त अम्बाला शहर से भाजपा विधायक असीम गोयल, रोहतक से कांग्रेस विधायक भारत भूषण बतरा, जुलाना से जजपा विधायक अमरजीत ढांडा एवं हरियाणा के महाधिवक्ता (एडवोकेट जनरल ) बलदेव राज महाजन को उक्त कमेटी में विशेष आमंत्री (स्पेशल इनवाईटी बनाया गया.

अब चूँकि गत माह तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के हटने के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हुए नायब सिंह सैनी की सरकार में स्कूली शिक्षा विभाग सीमा त्रिखा को आबंटित किया है जिससे गत 23 अप्रैल को उपरोक्त गठित तथ्य-जांच समिति में कँवर पाल के स्थान पर सीमा त्रिखा को उपरोक्त तथ्य-जांच कमेटी की नई चेयरपर्सन बनाया गया है. वहीं पहले से कमेटी के सदस्य भाजपा विधायक असीम गोयल अब हालांकि नायब सैनी सरकार में परिवहन राज्यमंत्री हैं, परन्तु उन्हें समिति में कायम रखा गया है. इसलिए अब उक्त समिति में सीमा त्रिखा और असीम गोयल अर्थात प्रदेश सरकार के दो राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हो गये है.

बहरहाल, इस विषय पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने हरियाणा विधानसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली का अध्ययन कर बताया कि नियम संख्या 204 (1 ) जैसा आज तक संशोधित है एवं जो नियम सदन की कमेटियों (समितियों ) के सामान्य नियमों से सम्बंधित है के अनुसार सदन द्वारा गठित की जाने वाली विभिन्न कमेटियों में बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी (कार्य सलाहकार समिति ) और सेलेक्ट कमेटी (प्रवर समिति) को छोड़कर किसी अन्य कमेटी में मंत्री को सदस्य के रूप में नामित नहीं किया जाएगा. वहीँ अगर किसी कमेटी में शामिल सदस्य को मंत्री के तौर पर नियुक्त किया जाता है, तो वह मंत्रीपद पर नियुक्ति की तिथि से उस कमेटी का सदस्य ही नहीं रहेगा.

बहरहाल, अब क्या विधानसभा सदन के प्रस्ताव पर स्पीकर द्वारा किसी विशेष मामले पर गठित तथ्य-जांच समिति को भी सदन की प्रवर समिति कहा जा सकता है, इस पर सवाल उठना स्वाभाविक है क्योंकि मुख्यतः सेलेक्ट कमेटी को सदन के पटल पर रखे गये किसी विधेयक (बिल) के प्रावधानों का अवलोकन कर उस पर विचार-विमर्श कर सदन में उस पर रिपोर्ट प्रस्तुत के लिए किया जाता है किसी अन्य विषय पर (जैसे उपरोक्त केस) में बनायी गयी फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को सेलेक्ट कमेटी नहीं कहा जा सकता है.

हेमंत ने बताया कि वह बीते कई वर्षों से भारतीय संसद में विभिन्न संसदीय समितियों के गठन एवं संरचना का अवलोकन करते रहे हैं एवं जब भी लोक सभा स्पीकर या राज्य सभा के सभापति द्वारा अपने अपने सदन हेतु या संयुक्त सदनों के लिए निर्धारित उद्देश्य के लिए किसी भी प्रकार की कमेटी का गठन किया जाता है, तो उसमें क्रमशः सम्बंधित सदन या दोनों सदनों के सदस्य (सांसद) ही शामिल किये जाते हैं एवं कभी भी किसी संसदीय समिति में केंद्रीय मंत्रिमंडल के किसी भी सदस्य, चाहे वो केंद्रीय कैबिनेट मंत्री हो या राज्य मंत्री या राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हो को शामिल नहीं किया जाता है. भारतीय संसद में केवल राज्यसभा की प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमावली में ही विधेयकों पर सेलेक्ट कमेटी के गठन का प्रावधान है.

हेमंत ने बताया कि विशेष तौर पर अगर विधानसभा सदन के प्रस्ताव पर स्पीकर द्वारा गठित तथ्य-जांच कमेटी के कार्य-क्षेत्र में प्रदेश सरकार के किसी राजकीय विभाग (वर्तमान मामले में स्कूली शिक्षा विभाग) के अधीन नियमित सेवा में नियुक्त किसी आरोपी अधिकारी/कर्मचारी के आचार-व्यवहार की जांच आदि का विषय हो, तो उसी विभाग के राज्यमंत्री (सीमा त्रिखा) को ऐसी गठित विधायी कमेटी का चेयरपर्सन बनाना न्यायोचित नहीं है क्योंकि जब कमेटी की फाइनल रिपोर्ट राज्य सरकार के पास जायेगी तो बतौर शिक्षा राज्यमंत्री को ही उस पर अपनी आधिकारिक कमैंट्स (टिप्पणी) देकर कर उसे आगे मुख्यमंत्री को फाइनल निर्णय के लिए भेजेगा. अब अगर शिक्षा राज्यमंत्री ही उस कमेटी का अध्यक्ष रहा हो, तो कमेटी की रिपोर्ट पर बाद में मंत्री के तौर पर उससे संबद्ध होना शासनिक और प्रशासनिक दृष्टि से उपयुक्त नहीं है.

हालांकि मुख्यमंत्री के आदेशों द्वारा गठित किसी कैबिनेट सब-कमेटी या किसी सरकारी कमेटी, जो विधानसभा सदन से बाहर राज्य सरकार द्वारा गठित की जाती है, उसमें सम्बर्नधित विभाग के मंत्री बतौर चेयरमैन बन सकते हैं क्योंकि उस समिति का दर्जा विधायी कमेटी का नहीं होगा. हेमंत का स्पष्ट मत है कि संसदीय कार्यप्रणाली में विधायिका और कार्यपालिका के कार्य क्षेत्रों में स्पष्ट अंतर एवं एक विभाजन रेखा होती है.

# सरकार का दावा 72 घंटे में फसल का भुगतान वास्तविकता 15 दिन बाद भी भुगतान नही : विद्रोही



**भाजपा सरकार के किसानों का गेंहू व सरसों सूचारू रूप से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के सभी दावे अहीरवाल क्षेत्र में पूर्णतय असफल साबित हुए है : विद्रोही**

**भाजपा सरकार किसानों को सरसों व गेंहू न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के नाम पर अहीरवाल की मंडियों में परेशान करने, लूटने का कोई भी मौका नही चूक रही है : विद्रोही**

**समाचार गेट ब्यूरो**

स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के किसानों का गेंहू व सरसों सूचारू रूप से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के सभी दावे अहीरवाल क्षेत्र में पूर्णतय असफल साबित हुए है। विद्रोही ने कहा कि अहीरवाल क्षेत्र की सभी मंडिया सरसों व गेंहू से अटी पडी है। किसानों से खरीदा गेंहू व सरसों खुले आसमान के नीचे पडा है, मंडियों में तिल भर भी जगह नही है। उठान प्रक्रिया बेहद धीमी है जिसके चलते एमएसपी पर सरसों व गेंहू की सरकारी खरीद भी बहुत धीमी चल रही है। किसानों को अपनी फसल बेचने में तिगुना समय लगता है।

मंडियों में पानी, शौचालय, छाया, भोजन के समुचित प्रबंध नही होने से किसानों को कितनी बडी परेशानी का सामना इस भयंकर गर्मी में करना पड़ रहा है, इसका एहसास न तो सत्तारूढ भाजपा नेताओं को है और न ही सरकारी प्रशासन को है। भाजपा सरकार के मंत्री-संतरी, प्रशासन मंडियों में गेंहू व सरसों फसल खरीदने के संदर्भ में हर रोज लम्बे-चौडे दावे तो करते है, पर उनके दावों का जमीनी हकीकत से कोई मेल नही है।

विद्रोही ने कहा कि यही स्थिति खरीदी गई फसल के भुगतान की है। सरकार दावा करती है कि खरीदी फसल का 72 घंटे में भुगतान कर दिया जायेगा, लेकिन किसानों को अपनी फसलों को बेचने में 15 दिन बाद भी भुगतान नही हो रहा। फसल खरीद की हालत यह है कि न तो किसान का गेंहू, सरसों समय पर खरीदी जा रही है और न ही उन्हे सरकार के दावे अनुसार बेची फसलों का पेमेंट मिल रही है तथा न ही सरकारी दावों अनुसार खरीदी फसल का उठान हो रहा है और न ही मंडियों में सरकार के दावों अनुसार किसानों को जनसुविधाएं मिल रही है। विद्रोही ने कहा कि रेवाडी जिले की कोसली मंडी में तो किसान की एक क्विंटल गेंहू, सरसों फसल में एक किलो की तोल में कटौती झरने व सफाई के नाम पर की जा रही है। एक क्विंटल सरसों, गेंहू की जगह किसान से 101 किलोग्राम गेंहू व सरसों ली जा रही है जो खुली लूट व भ्रष्टाचार है। कटु सत्य यह है कि किसान विरोधी भाजपा सरकार किसानों को सरसों व गेंहू न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने के नाम पर अहीरवाल की मंडियों में परेशान करने, लूटने का कोई भी मौका नही चूक रही है।

# पूर्व मुख्यमंत्री की भीमनगर रैली का लक्ष्य क्या?

**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** 26 तारीख को गुरुग्राम के भीम नगर ग्राउंड में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एक रैली करने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि यह रैली लोकसभा उम्मीदवार के प्रचार के लिए है परंतु जनता और भाजपाईयों में भी यह चर्चा है कि ऐसा कुछ है नहीं। अगर ऐसी ही होता तो पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मीटिंग की थी गुरुकमल में तो उसमें राव इंद्रजीत होते, मुख्यमंत्री ने सोहना में मंत्री संजय सिंह के यहां कार्यक्रम किया था, उसमें भी राव इंद्रजीत सिंह की उपस्थिति नहीं थी। इसी प्रकार पटौदी में महाराज धर्मदेव के कार्यक्रम में अनेक नेता और मुख्यमंत्री एकत्रित हुए किंतु राव इंद्रजीत सिंह नजर नहीं आए। तो अनेक सवाल उठते हैं।

इस रैली के संयोजक विधायक सुधीर सिंगला हैं, जो आजकल विधायक जी के अनुसार अत्याधिक बीमार हैं और जनता से बात करने के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वैसे भी वह जनता के लिए उपलब्ध होते कभी विशेष अवसरों पर ही हैं। हां, जनता जरूर यह सोच रही है कि यदि विधायक जी कार्यक्रम में आ गए तो उनसे यह तो पूछ सकेंगे कि आपने गुरुग्राम की कौन-कौन सी जनसमस्याओं को उठाया और निगम के तथा अन्य भ्रष्टाचारों को देखते हुए आंख क्यों बंद करके रखी? आंख बंद करने के पीछे कारण क्या रहा?

वास्तव में यह कार्यक्रम पंजाबी समाज के लिए आयोजित किया गया है, जिसका प्रमाण मिलता है गत 24 तारीख को बोधराज सीकरी ने समग्र पंजाबी समाज को बुलाकर मीटिंग की है और उसमें मुख्यमंत्री भी कृपा पात्र गार्गी कक्कड़ ने पंजाबी समुदाय से अपील की है कि सभी मिलकर काम करें, भेदभाव को भुला दें।

राजनैतिक जानकारों का कहना है कि मनोहर लाल खट्टर मुख्यमंत्री पद छोड़ने के बाद पंजाबियों में अलोकप्रिय हो गए हैं, क्योंकि न तो वह सत्ता में रहे, अनिल विज को रखा, सीमा त्रिखा को अवश्य पंजाबी के नाम पर मंत्री पद दिया है परंतु पंजाबी वर्ग का कहना है कि वह जन्म से तो पंजाबी नहीं है। तो इन परिस्थितियों में यह माना जा रहा है कि इस कार्यक्रम का असर करनाल तक पहुंचे और करनाल के पंजाबी मनोहर लाल को वोट कर सकें।

# परिजनों ने समाजसेवियों के साथ मिल एडीसी गुरुग्राम और डीईईओ को ज्ञापन सौंपा

**गुरिंदरजीत सिंह ने कहा कि बच्चो के दाखिले के लिए परिजन स्कूलों के चक्कर काट रहे है।**

**परिजनों ने अपनी दिक्कते डीईईओ गुरुग्राम को बताई।**



**समाचार गेट ब्यूरो**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में परिजनों को 'चिराग योजना' और आरटीई के तहत बच्चों का दाखिला कराने में आ रही है दिक्कतें। आज दिनांक 24.04.2024 दिन बुधवार को परिजनो ने समाजसेवियों के साथ मिल एडीसी गुरुग्राम और डीईईओ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने में गुरुग्राम के समाजसेवी इंजीनियर गुरिंदरजीत सिंह अर्जुन नगर, टिंकु जाटव अम्बेडकर नगर, मुकेश सिंगला धनवापुर, मनीष मक्कर और बच्चों के परिजन कृष्ण कुमार, मोनिका, रुचिका गुप्ता, शिखा राठौड़, पूजा , मीनाक्षी कटारिया, अंबनेश कुमार, हंसराज, सबिता आर्यन, प्रदीप सिंह, रवि दायमा, शीतल सैनी, तेजस सैनी, राकेश कुमार बैरवा, बंटी लुहेरा, हसीन लुहेरा, पर्व लुहेरा, सिद्धार्थ, करुणा, अविनेश, उपकार, सुमन, रोहित कुशवाहा, गुलशन और अन्य मौजूद रहे।

गुरिंदरजीत सिंह कहा कि परिजनो को बहुत परेशानी हो रही है, कई सकूल दाखिला फॉर्म नही लिए। और अंतिम तारीख भी नजदीक आ रही है, इस लिए परिजनों की दिक्कतो को अहमियत देते हुए पहले निपटारा कर बच्चों का दाखिला जल्द कराए अधिकारी और सरकार।

टिंकु जाटव ने कहा कि परिजनो की दिक्कतो को दूर किया जाए और बच्चो का एडमिशन कराने में परिजनों की मदद करे।

समाजसेवी मुकेश सिंगला धनवापुर ने भी डीईईओ गुरुग्राम को परिजनो को बच्चों का निजी स्कूलों में दाखिला होने में हो रही दिक्कतो से अवगत कराया। मनीष मक्कर ने भी कहा कि शिकायतो पर जल्द सुनवाई कर आधिकारी बच्चो का एडमिशन कराने में मदद करे।

अनेकों परिजनो ने पहले भी शिकायत पत्र बीईईओ ऑफिस में दे चुके है। आज परिजनो ने समाजसेवियों के साथ मिलकर एक ज्ञापन एडीसी गुरुग्राम और डीईईओ गुरुग्राम को सौंपा। उन्होंने बताया कि विभिन्न स्कूलों में उन्होंने दाखिला फॉर्म भर जमा कराए है। पर कई स्कूलों ने फॉर्म लेने से मना कर दिया। तो वे बीइओ ऑफिस आए। आधिकारी ने उन्हें स्पीड पोस्ट करने को कहा। स्पीड पोस्ट के बावजूद भी कई स्कूलों ने पोस्ट वापिस भेज दी। जिसके दस्तावेज़ और स्पीड स्लिप अभिभावकों ने बीईओ आफिस जमा करवा दी। उन्होंने कहा कि वे नीति से कार्य कर अपने बच्चो का स्कूलों में दाखिला कराना चाहते है। पर कुछ स्कूल सरकारी आदेश नही मान रहे। इस लिए आज ज्ञापन सौंपा गया। और जल्द कारवाही की मांग की गई।





